डाक पंजीयन सं. जयपुर सिटी/ 110/2024-26

website: www.royalpatrika.com
G-mail: royalpatrika@gmail.com
Yahoo: royal_patrika@yahoo.com

दैनिक
# रॉयल पत्रिका

वर्ष :13 | अंक : 65 | पेज: 8 | जयपुर, बुधवार , 12 फ़रवरी 2025 | मूल्य: 1.50 रुपये

## पीएम मोदी फ्रांस और अमेरिका दौरे पर रवाना

### बोले- ट्रम्प से मिलने के लिए उत्साहित; साझेदारी को बढ़ावा देना एजेंडे में शामिल

**पेरिस/नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री मोदी फ्रांस और अमेरिका के दौरे पर रवाना हो गए हैं। पीएम का यह दौरा 10 से 14 फरवरी तक है। वे आज और कल फ्रांस के दौरे पर रहेंगे। इसके बाद 12 और 13 फरवरी को अमेरिका दौरे पर रहेंगे। इस यात्रा को लेकर पीएम ने कहा- राष्ट्रपति मैक्रों के निमंत्रण पर मैं 10 से 12 फरवरी तक फ्रांस की यात्रा पर रहूंगा। मैं पेरिस में एआई समिट की सह-अध्यक्षता करने के लिए उत्सुक हूं। फ्रांस से मैं राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के निमंत्रण पर अमेरिका की दो दिवसीय यात्रा पर जाऊंगा। मैं राष्ट्रपति ट्रम्प से मिलने के लिए उत्सुक हूं। उनके साथ पहले कार्यकाल में काम करने का अनुभव अच्छा है।



पीएम ने बताया कि वह फ्रांस में पहले भारतीय वाणिज्य दूतावास का मार्सिले शहर में उद्घाटन करेंगे और इंटरनेशनल थर्मोन्यूक्लियर एक्सपेरिमेंटल रिएक्टर परियोजना का दौरा करेंगे। इसके साथ ही वो पहले और दूसरे वर्ल्ड वॉर के दौरान मारे गए भारतीय सैनिकों को मजारग्यूज युद्ध समाधि स्थल पर श्रद्धांजलि देंगे। उन्होंने अपनी यात्रा को भारत-अमेरिका संबंधों को मजबूत करने के लिए महत्वपूर्ण अवसर बताया। पीएम ने कहा कि अमेरिका दौरे पर दोनों देशों के बीच साझेदारी को बढ़ावा देना एजेंडे में शामिल होगा।

**सीएम माझी ने किया ऐलान**

## युवाओं को मिलेगा रोजगार; 5 साल में खुलेंगे 11 कैंसर केंद्र

**भुवनेश्वर (एजेंसी)।** केंदुझर के धरणीधर मेडिकल कॉलेज के सम्मेलन कक्ष में आयोजित इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) ओडिशा शाखा के 74वें सत्र में मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी पहुंचे। इस दौरान उन्होंने वहां उपस्थित लोगों को संबोधित किया। सीएम ने कहा कि राज्य सरकार जमीनी स्तर पर स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने पर ध्यान दे रही है। स्वास्थ्य क्षेत्र को विश्व स्तरीय बनाने के सरकारी प्रयासों के अलावा निजी स्तर पर भी प्रयासों की जरूरत है। मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने कहा कि संयुक्त प्रयासों से एक समृद्ध ओडिशा का निर्माण किया जा सकता है।



**डॉक्टरों के लिए हमेशा दिल में रहेगा सम्मान-** सीएम ने कहा कि डॉक्टर हमारे जीवन के रक्षक हैं। आम जनता डॉक्टरों को भगवान की तरह मानती है। व्यक्ति के पास धन, जवानी और मान-सम्मान हो तो भी अगर स्वास्थ्य ठीक नहीं है तो जीवन में शांति नहीं है। उन्होंने कहा कि यही कारण है कि दुनिया भर के डॉक्टरों के लिए हमारे दिल में सम्मान है और हमेशा रहेगा।

## परीक्षा पे चर्चा-पीएम ने फोकस के लिए दिया क्रिकेट मंत्र

### कहा- सिर्फ बॉल पर फोकस करें, शोर पर नहीं; पेरेंट्स पढ़ाई का प्रेशर न डालें

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** परीक्षा पे चर्चा के आठवें एडिशन में पीएम नरेंद्र मोदी ने 10वीं और 12वीं के स्टूडेंट्स से बोर्ड एग्जाम्स को लेकर बातचीत की। पीएम ने स्टूडेंट्स से कहा- सबसे पास दिन में 24 घंटे ही होते हैं। कोई इतने ही समय में सब-कुछ कर लेता है, तो कोई यही कहता रहता है कि समय नहीं है। ऐसे में टाइम मैनेजमेंट सीखना बहुत जरूरी है।

### पीएम मोदी की स्टूडेंट्स, टीचर्स और पेरेंट्स को 10 सीख



**पेरेंट्स-टीचर्स बच्चों की भावनाओं को समझें-** परिवार बच्चों को प्रेशर देता है। बच्चे को आर्टिस्ट बनना है तो कहते हैं कि इंजीनियर बनो। माता-पिता आप अपने बच्चों की इच्छाओं को समझिए, क्षमताओं को समझिए। मदद कीजिए।

**टारगेट ऐसा बनाएं जो पहुंच में हो, पकड़ में नहीं-** ज्यादातर लोग खुद से स्पर्धा नहीं करते, दूसरे से करते हैं। जो खुद से स्पर्धा करता है, उसका विश्वास कभी टूटता नहीं।

**बॉडी पर कंट्रोल सीखने के लिए प्राणायाम करें-** झरने की आवाज सुनिए। आपको आवाज सुनाई दे रही है। आप लोगों को मेडिटेशन करना चाहिए। चिंता से निकलने के लिए प्राणायाम कीजिए।

# राष्ट्रपति मुर्मू ने संगम में लगाई आस्था की डुबकी



**अक्षयवट और श्री बड़े हनुमान जी का किया दर्शन**

**प्रयागराज (एजेंसी)।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू सोमवार को महाकुंभ पहुंचीं। उन्होंने संगम में 3 डुबकी लगाई। भगवान सूर्य को अर्घ्य दिया। स्नान से पहले मां गंगा को पुष्प अर्पित किए। मंत्रोच्चार के बीच गंगा पूजन और आरती की।

इसके बाद राष्ट्रपति लेटे हनुमान मंदिर पहुंचीं और आरती की, फिर अक्षयवट धाम पहुंची और दर्शन-पूजन किया। राष्ट्रपति के साथ राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और सीएम योगी भी हैं। राष्ट्रपति का हेलिकॉप्टर सोमवार सुबह साढ़े 9 बजे बमरौली एयरपोर्ट पर लैंड हुआ। यहां राज्यपाल आनंदी बेन पटेल और सीएम योगी ने स्वागत किया।



### विधिवत किया पूजन-अर्चन

त्रिवेणी संगम पर डुबकी लगाने से पूर्व राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सपरिवार विधिवत पूजा अर्चना की। संगम में उतरने से पहले राष्ट्रपति ने सबसे पहले पूर्ण आस्था के साथ जल को स्पर्श कर आशीर्वाद लिया और फिर पवित्र जल में फूल माला और नारियल अर्पित कर समस्त राष्ट्र की समृद्धि और शांति की मनोकामना की। इसके बाद उन्होंने भगवान सूर्य की अराधना की और अर्घ्य देकर प्रणाम किया। इसके बाद उन्होंने पूरी श्रद्धा के साथ संगम में एक के बाद एक कई डुबकियां लगाईं।

# महाकुंभ-प्रयागराज में जाम से मचा त्राहिमाम

- संगमनगरी को जोड़ने वाले सभी जिलों में भी रेंग रहे वाहन
- प्रयागराज के हर एंट्री पॉइंट पर 20 किमी तक गाड़ियां फंसी, 5 किमी का सफर 8 घंटे में
- जाम से कराह रही हैं एमपी की सड़कें

**श्रद्धालुओं का कहना है कि महाकुंभ डुबकी लगाए बिना नहीं लौटेंगे**




**प्रयागराज (एजेंसी)।** बसंत पंचमी स्नान के बाद से प्रयागराज में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। रविवार को हालत बिगड़ गए थे, सोमवार को भी यह स्थिति थी। शहर से लेकर वाराणसी, मिर्जापुर, लखनऊ और रीवा हाईवे समेत 7 एंट्री पॉइंट पर 20 किलोमीटर तक वाहनों की लंबी कतारें लगी हुई थीं।

**हम तेलंगाना से आ रहे, बस प्रयागराज पहुंचना है... 24-24 घंटे से फंसे हैं लोग-** प्रयागराज महाकुंभ को लेकर मध्य प्रदेश की सड़कों पर भी दबाव बढ़ गया है। दूसरे राज्यों के लोग भी मध्य प्रदेश के रास्ते महाकुंभ जा रहे हैं। इसकी वजह से जबलपुर समेत एमपी के कई जिलों में जाम की स्थिति है। जबलपुर सिहोरा हाईवे पर लोग कई घंटों से जाम में फंसे हैं। हालांकि अब गाड़ियां निकलने लगी हैं।

### शहर के लोग घरों में हुए कैद

प्रयागराज में यातायात व्यवस्था ध्वस्त होने से हाहाकार मचा हुआ है। शहर के लोग अपने घरों में कैद हो गए हैं। वह बाहर निकलकर रोजमर्रा के जरूरी सामान भी नहीं खरीद पा रहे हैं। स्थिति यह है कि कुछ दूर जाने पर ही पुलिस की बैरिकेडिंग है। किसी भी दशा में पुलिस आगे बढ़ने नहीं दे रही है। अल्लापुर, छोटा बघाड़ा, हासिमपुर रोड, चौक, जानसेनगंज से लेकर कटरा, चौक, सुलेमसराय, अलोपीबाग, दारागंज, रामबाग, बैरहना, सोहबतियाबाग, कीडगंज, मुट्ठीगंज, लाउदर रोड, एएन झा मार्ग, मेडिकल कॉलेज रोड आदि मुहल्लों में रहने वाले लोग परेशान हैं। घर से निकलते ही वाहनों की कतार लगी है और कई घंटे बाद भी गाड़ियां सौ मीटर आगे नहीं बढ़ पा रही है। वाहनों के हार्न और धुएं के चलते लोगों का घरों में रहने भी दूभर हो गया है।

## 'मैं बचपन से साध्वी हूं और आगे भी रहूंगी...'



**प्रयागराज (एजेंसी)।** बॉलीवुड अभिनेत्री रहीं ममता कुलकर्णी ने आज किन्नर अखाड़े के महामंडलेश्वर पद से इस्तीफा दे दिया है। जब से ममता को महामंडलेश्वर बनाया गया, तब से नया विवाद खड़ा हो गया था, जिसके बाद अब उन्होंने इस्तीफे का ऐलान कर दिया।

**दिल्ली के नए सीएम को लेकर मीडिया रिपोर्ट्स के कयास**

## महिला विधायक को मिल सकती है जिम्मेदारी

- शिखा राय रेस में सबसे आगे

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली विधानसभा चुनाव में प्रचंड जीत के बाद भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में मुख्यमंत्री पद के लिए नामों को लेकर मंथन जारी है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक दिल्ली में मुख्यमंत्री का पद किसी महिला विधायक को सौंपा जा सकता है। वहीं खबर यह भी है कि मुख्यमंत्री के साथ-साथ एक उप-मुख्यमंत्री भी बनाए जाएंगे। बताया जा रहा है कि यह पद पूर्वांचल से आनेवाले किसी नेता को मिल सकता है।

वहीं मंत्रिमंडल में सोशल इंजीनियरिंग का भी खास ध्यान रखा जाएगा। समाज के हर तबके के नेताओं को इसमें शामिल किया जाएगा। बीजेपी के नेताओं के मुताबिक इस पर अंतिम सहमति पीएम मोदी के विदेश दौरे से लौटने के बाद ही बनेगी। फिलहाल पार्टी में सीएम पद को लेकर चर्चाएं तेज है। बताया जा रहा है कि ग्रेटर कैलाश सीट पर सौरभ भारद्वाज को हरानेवाली शिखा राय इस रेस में आगे चल रही हैं।



**इस बार पांच महिलाएं जीतकर पहुंची विधानसभा-** इस बार के चुनाव में सिर्फ पांच महिलाएं ही जीतकर विधानसभा पहुंची हैं। इसमें चार बीजेपी की नेता है।

**गया वालों की चमकेगी किस्मत!**

## कल सीएम नीतीश देंगे 14000 करोड़ की सौगात

**पटना (एजेंसी)।** मोक्ष और ज्ञान की भूमि पर 13 फरवरी को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का आगमन होना है। मुख्यमंत्री का आगमन 'प्रगति यात्रा' को लेकर हो रहा है। गयाजी की भूमि पर प्रगति यात्रा के दौरान मुख्यमंत्री विकास की पटकथा लिखने वाले हैं। 13 फरवरी को मुख्यमंत्री का दिनभर कार्यक्रम तय है। आशा की जा रही है कि मुख्यमंत्री हेलीकॉप्टर से गया अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट आएंगे। इसके बाद जिला मुख्यालय से लेकर इमामगंज, बोधगया जाएंगे। इन स्थलों के भ्रमण के बाद मुख्यमंत्री सड़क मार्ग से जिला मुख्यालय स्थित मॉडल प्रभावती अस्पताल आएंगे।



# सुखोई समेत लड़ाकू विमानों की गर्जना से गूंजा बंगलूरू

**रक्षामंत्री राजनाथ सिंह बोले- ये पराक्रम का महाकुंभ**

**बंगलूरू (एजेंसी)।** बेंगलुरू में येलहंका एयरफोर्स स्टेशन पर एयरो इंडिया 2025 का 15वां संस्करण का समारोह चल रहा है। जिसे रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह संबोधित भी किया है। इस दौरान राजनाथ सिंह ने वैश्विक अनिश्चितताओं का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि एक बड़े देश के तौर पर भारत हमेशा शांति और स्थिरता का हिमायती रहा है।

रक्षा मंत्री ने आगे कहा, हमारे लिए भारतीय सुरक्षा या भारतीय शांति अलग-थलग नहीं है। सुरक्षा, स्थिरता और शांति साझा निर्माण हैं जो राष्ट्रीय सीमाओं से परे हैं। (एयरो इंडिया में) विदेशी देशों के हमारे मित्रों की मौजूदगी इस बात का सबूत है कि हमारे साझेदार एक धरती, एक परिवार, एक भविष्य के हमारे दृष्टिकोण को साझा करते हैं।

इस दौरान उन्होंने एयरो इंडिया 2025 की तुलना महाकुंभ से की है। उन्होंने कहा- इस समय भारत में महाकुंभ चल रहा है...मुझे भी संगम में डुबकी लगाने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। मैं समझता हूं कि एयरो इंडिया के रूप में आज से भारत में एक और महाकुंभ का प्रारंभ हो रहा है।

जहां एक तरफ प्रयागराज का महाकुंभ आत्म संधान का कुंभ है, वहीं दूसरी तरफ एयरो इंडिया का यह महाकुंभ अनुसंधान का कुंभ है। जहां एक तरफ प्रयागराज का महाकुंभ आंतरिक मजबूती पर ध्यान दे रहा है, वहीं दूसरी तरफ एयरो इंडिया का यह महाकुंभ हमारी बाहरी मजबूती पर ध्यान दे रहा है। जहां एक तरफ प्रयागराज का महाकुंभ भारत की संस्कृति को दर्शा रहा है, वहीं दूसरी तरफ एयरो इंडिया का यह महाकुंभ भारत की शक्ति को दर्शा रहा है। जहां एक तरफ परंपरा और आध्यात्म का महाकुंभ चल रहा है, वहीं दूसरी तरफ पराक्रम का महाकुंभ चल रहा है।





**दिल्ली की पूर्व सीएम आतिशी से एलजी बोले-**

## आपको यमुना मैया का श्राप लगा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली के एलजी विनय कुमार सक्सेना ने मुख्यमंत्री आतिशी से कहा है कि आपको यमुना मैया का श्राप लगा है, इसलिए आपकी पार्टी चुनाव हारी। सूत्रों के मुताबिक एलजी ने ये बातें 9 फरवरी को तब कहीं थीं, जब आतिशी दिल्ली के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने उनके पास गई थीं।

सूत्रों के मुताबिक, एलजी सक्सेना ने आतिशी से कहा कि उन्होंने उनके बॉस अरविंद केजरीवाल को 'यमुना के श्राप' के बारे में चेतावनी दी थी, क्योंकि उन्होंने नदी की सफाई के लिए एक परियोजना को रोकने के लिए सुप्रीम कोर्ट से गुहार लगाई थी। एलजी हाउस के सूत्रों के अनुसार, आतिशी ने एलजी की टिप्पणी का जवाब नहीं दिया।



### 2 साल पुराना विवाद

जनवरी, 2023 में यमुना का प्रदूषण कम करने के लिए नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल ने एलजी की अध्यक्षता में एक हाई लेवल कमेटी बनाई थी। जैसे ही कमेटी ने अपना काम शुरू किया, केजरीवाल ने अपना समर्थन जताया और सहायता की पेशकश की। हालांकि बाद में केजरीवाल सरकार ने एलजीटी के आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी। दिल्ली सरकार के वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने तर्क दिया कि एक डोमेन एक्सपर्ट को पैनल का नेतृत्व करना चाहिए। कोर्ट ने इस पर रोक लगा दी थी।

# रॉयल पत्रिका संपादकीय

## एआइ के जरिए युवाओं को अनेक अवसर

आज जब विश्व में एआइ यानी कृत्रिम मेधा को लेकर उत्साह का वातावरण है, प्रधानमंत्री ने भी पेरिस में आयोजित एक सम्मेलन में एआइ के प्रति सकारात्मक पक्ष रख कर भारत का रुख स्पष्ट कर दिया है। इसमें कोई दो मत नहीं कि कृत्रिम मेधा के नियमन और नवाचार के बीच संतुलन कायम रखते हुए हमें आगे बढ़ना होगा। इस क्षेत्र में पूरी दुनिया के साथ कदमताल करते हुए भारत ने न केवल एआइ को अपनाया, बल्कि वह डेटा गोपनीयता को कानूनी जामा पहनाने वाले अग्रणी देशों में है। इस दिशा में उसने कई पहल की है। नीति आयोग ने इसे बढ़ावा देने के लिए राष्ट्रीय रणनीति भी तैयार की है। तमाम पूर्वाग्रहों को दरकिनार कर भारत जिस तरह इस दिशा में आगे बढ़ रहा है, यह जरूरी भी था, क्योंकि न केवल अर्थव्यवस्था और सुरक्षा, बल्कि कृषि, चिकित्सा एवं शिक्षा के क्षेत्र में एआइ की बड़ी भूमिका होगी। भविष्य में भारतीय समाज का परिदृश्य भी बदलेगा। प्रधानमंत्री ने सही कहा कि एआइ से लोगों की जिंदगी बदलेगी। भारत ने इस अवसर पर प्रौद्योगिकी के लोकतंत्रीकरण का मुद्दा भी उठाया है, जो परस्पर विश्वास और पारदर्शिता के लिए आवश्यक है। अगर ऐसा नहीं हुआ तो अविश्वास की भावना बनी रहेगी।


एआइ के बढ़ते इस्तेमाल से सृजित होती जाएंगी नई नौकरियां

भारत में कृत्रिम मेधा के इस्तेमाल के शुरूआती दौर में ठीक उसी तरह शंकाएं थीं, जिस तरह करीब चार दशक पहले कंप्यूटर आने और उसका उपयोग शुरू होते समय व्यक्त की गई थीं। मगर कंपयूटर से काम आसान हो गया। एआइ से भी कामकाज का तरीका बदलेगा। कई जटिल कार्य सरलता और तेजी से होंगे। प्रधानमंत्री का कथन उचित ही है कि प्रौद्योगिकी से काम खत्म नहीं होता, उसकी प्रकृति बदल जाती है। इस लिहाज से देखें, तो एआइ के बढ़ते इस्तेमाल के साथ नई नौकरियां सृजित होती जाएंगी। युवाओं को अनेक अवसर मिलेंगे।

वक्त आ गया है कि लोग और खासकर युवा एआइ दक्ष बनें, ताकि भविष्य में होने वाले बदलाव के लिए स्वयं को तैयार कर सकें। तभी देश भी एआइ सक्षम बनेगा। वह नवाचार की ओर भी बढ़ेगा।

पारंपरिक तथा गैर-पारंपरिक क्षेत्रों में कम पूंजी और श्रम से भारत भी विश्व पटल पर नई इबारत लिखेगा।

# गाली-गलौज वाली कॉमेडी से करोड़ों की कमाई, क्या बुरे फंसे समय रैना; अलाहबादिया को कितनी सजा मुमकिन



गाली-गलौज वाली कॉमेडी से करोड़ों की कमाई, क्या बुरे फंसे समय रैना; अलाहबादिया को कितनी सजा मुमकिन

कॉमेडियन समय रैना ने 7 महीने पहले यूट्यूब पर एक शो शुरू किया- इंडियाज गॉट लेटेंट। ये 'रॉ' और 'अनफिल्टर्ड' था, जिसमें कॉमेडी के लिए खूब गालियां दी जाती हैं। इस शो में देशभर से कंटेस्टेंट शामिल होते हैं। अपना अतरंगी टैलेंट (नो-टैलेंट) दिखाते हैं और फिर पैनल में मौजूद 4-5 लोग कंटेंस्टेंट के साथ हंसी-मजाक करते हैं, उन्हें रोस्ट करते हैं। एक शो सुपरहिट हो गया। हर एपिसोड को औसतन 30-40 मिलियन व्यूज आते हैं।

8 फरवरी को इस शो का एक मेंबर्स ओनली एपिसोड रिलीज किया गया। इसके पैनल में समय रैना, पॉडकास्टर रणवीर अलाहबादिया, यूट्यूबर आशीष चंचलानी, कॉमेडियन जसप्रीत सिंह और यूट्यूबर अपूर्वा मखीजा थे। इस दौरान रणवीर ने एक कंटेस्टेंट से पूछा, 'क्या आप अपने माता-पिता को जीवन भर हर दिन *** करते देखना पसंद करेंगे या एक बार इसमें शामिल होकर इसे हमेशा के लिए बंद कर देंगे।'

ऐसे ही अपूर्वा मखीजा ने एक कंटेस्टेंट से पूछा- 'पैदा होने के बाद कभी **** देखी है?' हर एपिसोड की तरह समय रैना का गालीगलौज भी जारी था। शो की ऐसी कई क्लिप्स सोशल मीडिया पर वायरल हो गईं।

9 फरवरी को जर्नलिस्ट और राइटर नीलेश मिश्रा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म X पर एक ट्वीट को रिपोस्ट करते हुए कहा, 'यह हमारे देश की इकोनॉमी को बढ़ाने वाले कंटेंट क्रिएटर्स हैं। मुझे यकीन है कि इनके लाखों फॉलोअर्स होंगे। इस अश्लील वीडियो को एडल्ट कंटेंट सेक्शन में नहीं रखा गया, जिससे इस वीडियो को कोई भी बच्चा आसानी से देख सकता है। ये क्रिएटर्स राइट टू फ्रीडम के नाम पर कुछ भी कह सकते हैं और बच सकते हैं।'

धीरे-धीरे मामला तूल पकड़ता गया। 10 फरवरी को असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने X पर लिखा, 'आज गुवाहाटी पुलिस ने 5 इन्फ्लूएंसर के खिलाफ FIR दर्ज की। इन पर इंडियाज गॉट लेटेंट शो में अश्लीलता को बढ़ावा देने और सेक्शुअल और अश्लील चर्चा में शामिल होने के तहत मामला दर्ज हुआ।'

11 फरवरी को बॉम्बे हाईकोर्ट के दो वकील आशीष राय और पंकज मिश्रा ने मुंबई पुलिस कमिश्नर विवेक फलसंकर और महाराष्ट्र महिला आयोग को पत्र लिखकर कार्रवाई की मांग की।

शिवसेना (UBT) की राज्यसभा सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने इस मामले को संसदीय समिति में उठाने की बात कही। राष्ट्रीय महिला आयोग (NCW) की अध्यक्ष विजया राहतकर ने सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव को पत्र लिखकर सोशल मीडिया स्ट्रीमिंग साइट्स और ओटीटी प्लेटफॉर्मों पर अश्लील कंटेंट पर रोक लगाने की मांग की।

इंडियाज गॉट लेटेंट से जुड़े 4 बड़े विवाद...

1. अरुणाचल के लोगों पर डॉग मीट खाने के बयान का विवाद

शो के एक एपिसोड में कॉमेडियन जेसी नबाम ने कहा, 'अरुणाचल प्रदेश के लोग डॉग मीट खाते हैं। यहां तक कि मेरे कुछ दोस्त पालतू जानवरों को भी खा जाते हैं।'

इसके बाद सोशल मीडिया पर विवाद खड़ा हो गया। नतीजतन 31 जनवरी 2025 को जेसी के खिलाफ अरुणाचल प्रदेश के ईटानगर में FIR दर्ज हुई।

2. दीपिका पादुकोण पर आपत्तिजनक टिप्पणी का विवाद

स्टैंडअप कॉमेडियन बंटी बनर्जी ने एक एपिसोड में पादुकोण के मां बनने और डिप्रेशन का मजाक उड़ाया। बंटी ने कहा, 'दीपिका भी हाल ही में मां बनी हैं, बढ़िया। अब उन्हें पता चल गया है कि डिप्रेशन असल में कैसा होता है।'

बंटी के इस बयान पर सभी लोग हंसने लगे। हालांकि इस पर बाद में काफी विवाद हुआ।

3. उर्फी जावेद पर भद्दे कमेंट्स का विवाद

सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर और मॉडल उर्फी जावेद पर शो के दौरान भद्दे कमेंट पास किए गए, जिसके बाद उर्फी शो को बीच में ही छोड़कर निकल गईं। बाद में उन्होंने सोशल मीडिया पर कहा कि शो के एक कंटेस्टेंट ने उन्हें बदनाम किया और उनकी तुलना एडल्ट फिल्म एक्ट्रेस मिया खलीफा से की।

4. कॉस्ट्यूम कट वाले परफॉर्मेंस का विवाद

शो के एक एपिसोड में कॉस्ट्यूम कटर मोहम्मद आदिल और मॉडल प्रियंका हलदर ने अनोखा एक्ट किया। आदिल ने मंच पर प्रियंका की ड्रेस को कई जगह से कैंची से काटा और कट-आउट में बदल दिया। प्रिंयका आदिल को अपना दोस्त बताती है। वह शादीशुदा हैं और 15 साल के बच्चे की मां भी हैं। इस पर लोगों ने एक्ट की जमकर आलोचना की। सोशल मीडिया पर यूजर्स ने लिखा- 'एक मां, वाइफ और बेटी के तौर पर प्रियंका फेल हैं।'

समय रैना ने जून 2024 तक अपने यूट्यूब चैनल पर करीब 950 वीडियोज डाले थे। इनमें कुल 65 करोड़ व्यूज आए, यानी हर वीडियो में करीब 7 लाख। इस वक्त तक वो चैनल पर चेस, ऑनलाइन गेमिंग, लाइव स्ट्रीमिंग और नॉर्मल कॉमेडी के वीडियोज डालते थे।

जून 2024 में इंडियाज गॉट लेटेंट लॉन्च करने के बाद सिर्फ 17 वीडियोज में उन्हें करीब 35 करोड़ व्यूज मिले हैं। यानी हर एपिसोड में 2 करोड़ से ज्यादा व्यूज। 'रॉ' और 'अनफिल्टर्ड' कॉमेडी, जिसमें गाली-गलौच भी है, उसने उन्हें पॉपुलैरिटी के नए मुकाम तक पहुंचाया। रिपोर्ट्स के मुताबिक वो हर महीने सिर्फ यूट्यूब से करीब 1.5 करोड़ रुपए कमा रहे हैं।

इसके अलावा उनके स्टैंड-अप शोज हाथोहाथ बिक जाते हैं। एक स्टैंड-अप शो की 60 लाख रुपए तक की टिकट बिक जाती हैं। इंडियाज गॉट लेटेंट की वजह से समय की पॉपुलैरिटी, ब्रांड वैल्यू और नेटवर्थ ऑल टाइम हाई है।

कैरी मिनाती: यूट्यूबर अजय नागर भारत के सबसे बड़े यूट्यूब चैनल में से एक 'कैरी मिनाती' (4.5 करोड़ सब्सक्राइबर्स) चलाते हैं। वे गेमिंग, रिएक्शन और रोस्ट वीडियोज बनाते हैं। कैरी के सभी वीडियो में गाली-गलौज होता है। हर एक वीडियो को एवरेज 2 करोड़ से ज्यादा लोग देखते हैं। अजय हर महीने करीब 30-50 लाख रुपए कमाते हैं और इनकी नेटवर्थ 50 करोड़ रुपए से ज्यादा है।

बीबी की वाइंस: भुवन बाम का 'बीबी की वाइंस' (2.66 करोड़ सब्सक्राइबर्स) चैनल है। ये कॉमेडी वीडियो बनाते हैं, जिनके कैरेक्टर्स के नाम भी गाली-गलौज के शब्दों से लिए गए हैं। भुवन के हर वीडियो पर एवरेज 2.6 करोड़ व्यूज आते हैं। भुवन हर महीने 1 करोड़ रुपए से ज्यादा कमाते हैं। इनकी नेटवर्थ 122 करोड़ रुपए से अधिक है।

हर्ष बेनीवालः हर्ष बेनीवाल फेमस यूट्यूबर हैं। ये अपनी कॉमेडी और ट्रेंडिंग वीडियो के लिए जाने जाते हैं। 'हर्ष बेनीवाल' के चैनल पर 1.6 करोड़ से ज्यादा सब्सक्राइबर्स हैं। ये अपने वीडियो में दोस्तों का मजाक, रिलेशनशिप पर भद्दे कमेंट और अपशब्दों का जमकर इस्तेमाल करते हैं।

एक वीडियो को एवरेज 1.1 करोड़ से ज्यादा यूजर्स देखते हैं। हर्ष की नेटवर्थ 30 करोड़ रुपए से ज्यादा है और ये 20 से 30 लाख रुपए महीना कमाते हैं।

एल्विश यादव: यूट्यूबर एल्विश यादव सांपों की तस्करी से लेकर गुंडागर्दी की वजह से चर्चा में रहे हैं।

एल्विश के यूट्यूब चैनल पर 1.5 करोड़ और ब्लॉग चैनल पर 83 लाख सब्सक्राइबर्स हैं। हर वीडियो पर एवरेज 80 लाख से अधिक व्यूज आते हैं। एल्विश के वीडियोज में धमकियां और गाली-गलौज आम बात है। एल्विश की नेटवर्थ 50 करोड़ रुपए से ज्यादा है और हर महीने की कमाई 25 लाख रुपए से ज्यादा है।

जयंती विशेष

अखिलेश आर्येन्दु



## महर्षि दयानंद का संदेश आज के दौर में अधिक प्रासंगिक


हम महर्षि को पौराणिकता या किसी खास नजरिए से देखने के बजाय यदि वेदों और उपयोगिता के संदर्भ में विश्व मानवता के साथ जोड़ कर देखें तो पाएंगे कि दयानंद ने आज से 160 साल पहले जो विश्व मानवता को संदेश दिया था, वह आज के हिंसा और अराजकतावाद के उन्मादी दौर में कहीं अधिक प्रासंगिक जान पड़ता है। मैक्समूलर ही नहीं अनेक विदेशी विचारकों, साहित्यकारों, राजनेताओं, समाज सुधारकों ने साफ तौर पर स्वीकार किया कि दयानंद जो भी कहते हैं, वह निष्पक्ष ही नहीं ज्ञान, सत्य, सर्व कल्याण को ध्यान में रखकर और तर्कसंगत तथा वैज्ञानिक तथ्यों पर आधारित होता है। आम तौर पर दयानंद को महज एक हिंदू समाज सुधारक के तौर पर समझकर उन्हें संकीर्ण बना देते हैं। जबकि महर्षि दयानंद हिंदू समाज सुधारक ही नहीं बल्कि वे तो सारी मानवता को एक ऐसी दिशा देने वाले थे जो सामाजिक रूप से सबल और उच्चता के शिखर पर पहुंचने वाली साबित हुई। जीवन, समाज, साहित्य, धर्म, संस्कृति, भाषा, मानव मूल्य, अध्यात्म, राजनीति, अर्थ, दर्शन, विज्ञान, व्याकरण, योग ध्यान सहित ऐसे सभी विषयों पर उनकी नजर गई जो मानव और समाज के लिए महत्वपूर्ण, उपयोगी और कल्याणकारी हो। 59 साल की विकट संघर्ष वाली जिंदगी में उन्होंने एक भी कार्य ऐसा नहीं किए जो किसी के लिए अनुचित, अहितकारी या अमर्यादित रहा हो। चाहे वह सांस्कृतिक चेतना की बात हो, राजनीति, समाज, दर्शन और शिक्षा की बात हो, तब भी केवल और केवल वेद ही सामने होते हैं। इसलिए दयानंद के किसी विचार, कार्य और व्यवहार पर किसी को काटने की जरूरत नहीं पड़ी। जिसने उनके कार्य, विचार और व्यवहार का विरोध किया, वह किसी न किसी व्यक्तिगत स्वार्थ के वशीभूत होकर ही किया। हम दयानंद के कार्यों और विचारों का मूल्यांकन करते वक्त यह भूल जाते हैं कि उन्होंने सत्य, न्याय, निष्पक्ष, व्यावहारिक और सर्वहित पर गौर करते हुए ही सारी बात कही और सारे कार्य किये। भले ही उन्हें इसके लिए जहर पीना पड़ा हो। वैसे तो उनके अनगिनत कार्य हैं लेकिन वैदिक गुरुकुलों की स्थापना, राष्ट्र निर्माण की चेतना, समाज कल्याण और स्वदेशी पर ही जोर देने, हिंदी को प्रमुखता, शुद्धिकरण, दलित, पिछड़े व नारी कल्याण, सच्चे वैदिक धर्म व अध्यात्म का प्रचार, सत्य, शुभ और शांति की स्थापना, शुद्ध आहार-विहार, गौ संरक्षण, वैदिक यज्ञों की फिर से स्थापना और योग साधना जैसे तमाम कार्यों को हम मौजूदा दौर में अधिक प्रासंगिक पाते हैं। मानव की भलाई जिसमें हो, दयानंद उस बात को उस कार्य को सबसे बेहतर और हितकारी मानते दिखाई पड़ते हैं। सत्यार्थ प्रकाश में जो भी उन्होंने लिखा, उसमें उनका अपने खुद के फायदे का कुछ भी नहीं है।

सारा का सारा ज्ञान और तथ्य मानव समाज के सुधार, सुख, शांति, आपसी प्रेम, करुणा, दया, सहिष्णुता, न्याय, अहिंसा की स्थापना, सत्य की जीत और शुभत्व को ध्यान में रखकर ही प्रस्तुत किया। दुराग्रह, आग्रह, स्वार्थ और पक्षधारिता को दूर-दूर तक दयानंद के जीवन में हम नहीं पाते हैं। महर्षि दयानंद की देन को हमें विस्तृत फलक पर देखना चाहिए, तभी हम उनका ठीक, सही और निष्पक्ष मूल्यांकन कर पाएंगे। मिसाल के तौर पर जब हम विज्ञान और अध्यात्म के क्षेत्र में उनका मूल्यांकन करें तो पाएंगे कि उन्होंने वेदों के आधार पर जो विश्व मानवता के हित में था, वहीं आगे बढ़ाया। विज्ञान और अध्यात्म एक-दूसरे से कैसे जुड़े हैं उनके जरिए वेदाधारित त्रैतवाद के जरिए समझा जा सकता है। दयानंद द्वारा मानवता, धर्म, संस्कृति, अध्यात्म, समाज, भाषा, शिक्षा और वेद के लिए किए गए अनगिनत अवदानों और स्थापनाओं को जानने में भी दुनिया को सुविधा होगी।

वह स्वभाषा, स्वसंस्कृति, स्वधर्म, स्वराष्ट्र, स्वाभिमान, स्वगौरव, स्वशिक्षा, स्वतंत्रता और शाकाहार को समाज का आधार मानते थे। उनकी आंखों में सभी मानवों के लिए प्रेम, करुणा, दया, सहिष्णुता और कल्याण के लिए स्थान था। वह सब का भला चाहते थे, भले ही उन्हें उनके लिए दुख सहने पड़ते हों। असहायों, दुखियों, रोगियों, दलितों, गरीबों और अंधकार में भटक रहे अज्ञानी लोगों के लिए उन्होंने वह सब-कुछ किया, जो वह कर सकते थे। सत्यार्थ प्रकाश, संस्कार विधि, ऋग्वेदादिभाष्य भूमिका और वेदांजलि में महर्षि दयानंद ने मानव के जीवन के हर पक्ष को मजबूत बनाने और उन्नति करने के सभी तरह के सूत्र और विचार दिए हैं। वह मत मतांतरों की आलोचना उनके सुधार के मद्देजनर करते हैं। वह जितना हिंदुओं के सुधार की बात करते हैं, उतना ही दूसरे मत पंथों की भी।

(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## चरित्र गठन की विशाल व्यायामशाला है संसार



संकलित

दर्शन

अच्छा है, ना बुरा। प्रत्येक मनुष्य अपने लिए अपना-अपना संसार बना लेता है। हमारी मानसिक अवस्था के अनुसार ही हमें यह संसार भला या बुरा प्रतीत होता है। अग्नि स्वयं में अच्छी है न बुरी। जब यह हमें गर्म रखती है, तो हम कहते हैं यह कितनी अच्छी है, जब हमारी अंगुली जल जाती है, तो हम इसे दोष देते हैं। यही हाल संसार का है। संसार स्वयं पूर्ण है। पूर्ण का अर्थ यह है कि इसमें अपने सभी प्रयोजन पूर्ण करने की क्षमता है। हमें जान लेना चाहिए कि हमारे बिना भी यह संसार बड़े मजे से चलता जाएगा। हमें उसकी सहायता करने के लिए माथापच्ची करने की आवश्यकता नहीं। परंतु फिर भी हमें सदैव परोपकार करते ही रहना चाहिए। यदि हम सदैव यह ध्यान रखें कि दूसरों की सहायता करना एक सौभाग्य है, तो परोपकार करने की इच्छा एक सर्वोत्तम प्रेरणा शक्ति है। एक दाता के ऊंचे आसन पर खड़े होकर और अपने हाथ में दो पैसे लेकर यह मत कहो, 'ऐ भिखारी, ले, मैं तुझे यह देता हूं। तुम स्वयं इस बात के लिए कृतज्ञ हो जाओ कि इस संसार में तुम्हें अपनी दयालुता का प्रयोग करने और इस प्रकार पूर्ण होने का अवसर प्राप्त हुआ। धन पाने वाला नहीं, देने वाला होता है। भलाई के सभी कार्य हमें शुद्ध और पूर्ण बनाने में सहायता करते हैं। यह संसार न तो तुम्हारी सहायता का भूखा है और ना मेरी। परंतु फिर भी हमें निरंतर कार्य करते रहना चाहिए, परोपकार करते रहना चाहिए। क्योंकि इससे हमारा ही भला है।

## मुश्किल समय में मन अस्थिर हो जाता है



संकलित

प्रेरणा

गौतम बुद्ध यात्राएं करते रहते थे। यात्रा में उनके शिष्य भी साथ रहते थे। एक दिन वे अपने शिष्य आनंद के साथ यात्रा कर रहे थे। यात्रा करते हुए वे एक जंगल से गुजर रहे थे। उन्हें चलते-चलते काफी समय हो गया था। काफी चलने की वजह से वे थक गए थे। आराम के लिए वे एक जगह रुके। बुद्ध ने शिष्य आनंद से कहा कि प्यास लगी है, पास में से ही एक झरने के बहने की आवाज आ रही है, वहां जाकर पीने का पानी ले आओ। बुद्ध की आज्ञा मिलने के बाद आनंद झरने के पास पहुंच गया। वहां पहुंचकर आनंद ने देखा कि एक बैलगाड़ी पानी में से गुजरी है तो पहियों की वजह से पानी बहुत गंदा हो गया है। पानी में मिट्टी दिख रही थी, पानी पीने लायक नहीं था। आनंद गंदा पानी देखकर लौट आया। आनंद ने लौटकर बुद्ध से कहा कि तथागत, वहां का पानी तो बहुत गंदा है, पीने लायक नहीं है। बुद्ध ने कहा कि अब तुम कुछ देर बाद फिर से जाना। इस बार तुम्हें अच्छा पानी मिल जाएगा। बुद्ध की बात मानकर आनंद कुछ देर बाद फिर से पानी लेने पहुंच गया। इस बार पानी शांत था, पानी में कोई हलचल नहीं थी। पानी एकदम साफ दिख रहा था। आनंद ने तुरंत ही पीने के लिए पानी भरा और बुद्ध के पास लौट आया। बुद्ध ने पानी पीकर आनंद से कहा कि हमारे जीवन में भी कई बार ऐसी स्थितियां बन जाती हैं। मन तनाव की वजह से अशांत हो जाता है। अशांति गंदे पानी की तरह है। जब तक मन अशांत रहता है, तब तक हमें कोई निर्णय नहीं लेना चाहिए।

## अंतर्मन




### आज की पाती

#### केजरीवाल की राजनीतिक परिपक्वता

देश के लाखों-लाख लोग लगातार टकटकी लगाकर ताक लगाए बैठे थे कि दिल्ली विधानसभा में बड़ी पराजय के बाद अरविंद केजरीवाल क्या-क्या कहने और आरोप लगाने वाले हैं! उनसे बहुत नकारात्मक और तर्कहीन बातों-आरोपों की आशाएं व अपेक्षाएं लगा रखी थीं लाखों लोगों ने। परंतु अप्रत्याशित और आश्चर्यजनक रूप से केजरीवाल ने विनम्रता का प्रदर्शन करते हुए जनादेश का स्वागत कर डाला। मैं अधिकतर अवसरों पर केजरीवाल की कुछ नकारात्मक किस्म की राजनीति का विरोधी रहा हूं। मुझे भी केजरीवाल की ऐसी प्रतिक्रिया पर आश्चर्य हुआ। इस तरह का सकारात्मक रुख अपनाकर केजरीवाल यह संदेश देने में सफल रहे कि वो राजनीति में अब परिपक्व हो गए हैं।

*मनोज पाठक, दुर्ग*

### X ट्रेंड

#### विनम्र श्रद्धांजलि



प्रखर राष्ट्रवादी विचारक, भारतीय जनसंघ के संस्थापक सदस्य श्रद्धेय पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि! समाज के अंतिम पायदान पर खड़े गरीबों, शोषितों, वंचितों के उत्थान और स्वावलंबी भारत के निर्माण हेतु समर्पित उनका जीवन हम सभी के लिए पाथेय है।

**- योगी आदित्यनाथ, सीएम, उप्र**

#### गंदगी की सफ़ाई कराएं



संगम के मुख्य नहान स्थान पर हर तरफ़ फैली अपरंपार गंदगी की सफ़ाई का इंतज़ाम तुरंत किया जाए। ये गंदगी स्वच्छता और स्वास्थ्य दोनों तरह से बहुत हानिकारक है। इससे महाकुंभ की पवित्र-पावन छवि भी दूषित और धूमिल हो रही है।

**-अखिलेश यादव, सपा सांसद**

#### मोटापे के ख़िलाफ़ लड़ाई



स्वस्थ रहने के लिए एथलीट या फिटनेस उत्साही होने की आवश्यकता नहीं है। मोटापे के ख़िलाफ़ लड़ाई एक ऐसी चीज़ है जिसका हमें डटकर सामना करना होगा।

**-नीरज चोपड़ा, भारतीय एथलीट**

#### संसाधन खोजना अहम




अगले पांच वर्षों में दुनिया को केवल बैटरी उत्पादन की मांग को पूरा करने के लिए तांबे, लिथियम और कोबाल्ट की अधिक आवश्यकता होगी। जाहिर है, नई खदानें खोलना और अन्वेषण के माध्यम से अधिक संसाधन खोजना बहुत महत्वपूर्ण है।

**- अनिल अग्रवाल, उद्योगपति**

रॉयल पत्रिका

### करंट अफेयर

## ट्रंप ने प्लास्टिक के स्ट्रॉ के इस्तेमाल पर दिया जोर



अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि वह संघीय स्तर पर कागज के स्ट्रॉ के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगा रहे हैं, क्योंकि वे ''टिकाऊ" नहीं होते। उन्होंने कहा कि इसके बजाए प्लास्टिक के इस्तेमाल की तरफ बढ़ना चाहिए। ट्रंप ने संघीय खरीद नीतियों को पलटने के लिए एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किया है। उन्होंने वह नीति पलट दी है जिसके तहत कागज के स्ट्रॉ की खरीद को प्रोत्साहित किया जाता था और प्लास्टिक के स्ट्रॉ पर प्रतिबंध था। आदेश में संघीय एजेंसियों को कागज के स्ट्रॉ खरीदना बंद करने का निर्देश दिया गया है। सरकारी एजेंसियों को यह सुनिश्चित करना होगा कि दफ्तरों के भीतर अब कागज के स्ट्रॉ उपलब्ध न कराए जाएं। ट्रंप लंबे समय से कागज से बने स्ट्रॉ के खिलाफ बोलते रहे हैं। राष्ट्रपति चुनाव के प्रचार अभियान के दौरान ट्रंप ब्रांड वाले पुन: इस्तेमाल होने वाले प्लास्टिक स्ट्रॉ की बिक्री भी की गई थी। ट्रंप ने इस आदेश से पूर्ववर्ती जो बाइडन प्रशासन के फैसले को पलट दिया है जिसमें 2027 तक खाद्य सेवा संचालन, आयोजनों और पैकेजिंग से स्ट्रॉ सहित एकल-उपयोग वाले प्लास्टिक की संघीय खरीद को समाप्त करना और 2035 तक सभी संघीय संचालनों से समाप्त करना शामिल था।

### ऑफ बीट

## गर्म हो रही है समुद्र तल पर ठंडे पानी की परत



अंटार्कटिक में हमारे नए शोध से पता चलता है कि समुद्र तल पर ठंडे पानी की महत्वपूर्ण परत, जो दुनिया को घुमाती है और ज्यादातर वायुमंडलीय गर्मी और ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को सोखने की समुद्र की क्षमता को बनाए रखने में मदद करती है, अब गर्म हो रही है और सिकुड़ रही है। इनमें से अधिकांश मानव निर्मित जलवायु परिवर्तन का परिणाम है, जो अंटार्कटिक बर्फ की परतों को पिघला रहा है और इस संचलन को नियंत्रित करने वाली जटिल प्रणाली को बाधित कर रहा है। लेकिन ऐसा प्रतीत होता है, जहां तक पिछले 30 वर्षों का संबंध है, देखे गए परिवर्तनों के लिए एक प्राकृतिक चक्र आंशिक रूप से जिम्मेदार हो सकता है। औद्योगिक युग की शुरुआत के बाद से मानव द्वारा उत्पादित अतिरिक्त गर्मी का 90% से अधिक और अतिरक्त कार्बन डाइआक्साइड का लगभग 30% समुद्र ने अवशोषित किया है। इसने पृथ्वी की सतह पर जहाँ हम रहते हैं, जलवायु परिवर्तन के प्रभाव को बहुत कम कर दिया है। वायुमंडल और महासागर के बीच गैसों और गर्मी का अधिकांश आदान-प्रदान दक्षिणी महासागर में अंटार्कटिका के आसपास पानी की जटिल ऊर्ध्वाधर गतिविधियों के माध्यम से होता है।

# जयपुर के प्राइवेट हॉस्पिटल में बनेगी कैंसर की वैक्सीन

## -डॉक्टर बोले- देश का पहला मेडिकल कॉलेज, जहां वैक्सीन बनाने पर होगी रिसर्च




जयपुर (रॉयल पत्रिका)। जयपुर के महात्मा गांधी मेडिकल कॉलेज में कैंसर की वैक्सीन बनाई जाएगी। यहां कैंसर की वैक्सीन बनाने पर रिसर्च करके उसके पहले फेज का ट्रायल किया जाएगा। दरअसल, ड्रग कंट्रोलर जनरल ऑफ इंडिया (डीजीसीआई) ने कॉलेज को डेंड्रिटिक सेल वैक्सीन बनाने के लिए मंजूरी दी है। कॉलेज के श्रीराम कैंसर सेंटर के डायरेक्टर और सीनियर कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉ. हेमंत मल्होत्रा ने सोमवार को बताया- डेंड्रिटिक सेल वैक्सीन गॉल ब्लेडर, हेड एंड नेक और ओवेरियन कैंसर के इलाज में उपयोग होगी। डॉक्टर मल्होत्रा ने दावा किया कि यह देश में पहला मेडिकल कॉलेज है, जहां कैंसर वैक्सीन बनाने की अनुमति मिली है। बताया जा रहा है कि कॉलेज को जनवरी में यह मंजूरी मिली है। इंफेक्शन के जरिए भी बढ़ता है कैंसर महात्मा गांधी यूनिवर्सिटी ऑफ मेडिकल साइंसेज एंड टेक्नोलॉजी यूनिवर्सिटी में सोमवार को चौथी वर्ल्ड कांग्रेस ऑन ट्रांसलेशनल कैंसर रिसर्च एंड इम्युनोथेरेपी कॉन्फ्रेंस शुरू हुई। इसमें 14 राज्यों के 22 संस्थानों के कैंसर रिसर्चर और 9 विदेशी स्पीकर हिस्सा ले रहे हैं। कॉन्फ्रेंस के पहले दिन प्रोफेसर रॉबर्ट क्लार्क, डॉ. नीना भारद्वाज, गोपाल सी. कुंडू, डॉ. लीना हिलाकिवी-क्लार्क, डॉ. माधुरी लोणिकर और डॉ. दिनेश यादव ने अपने कैंसर रिसर्च के अनुभवों को साझा किया।

**विशेषज्ञ डॉक्टरों ने बताया-** कैंसर वायरस इंफेक्शन के जरिए भी बढ़ रहा है। आज कैंसर का प्रमुख कारण लाइफस्टाइल भी है। लोग कैंसर पैदा करने वालों पदार्थों जैसे तंबाकू, जर्दा, बीड़ी, सिगरेट, अल्कोहल, रेडिएशन एक्सपोज के रेगुलर संपर्क में हैं।

**उन्होंने बताया-** कुछ वायरस भी ऐसे हैं, जो कैंसर फैला रहे हैं। इसमें ह्मन पैपिलोमावायरस, जिससे सर्वाइकल कैंसर होता है और हेपेटाइटिस ए और बी है। इससे लिवर कैंसर होता है। ऐसे में बचाव के तौर पर बच्चों में हेपेटाइटिस और बच्चियों को एचपीवी वैक्सीन जरूर लगवानी चाहिए। रूस ने कैंसर की वैक्सीन बनाई रूस के स्वास्थ्य मंत्रालय ने 17 नवंबर 2024 को दावा किया कि उसने कैंसर की वैक्सीन बनाने में सफलता हासिल कर ली है। इसकी जानकारी रूसी स्वास्थ्य मंत्रालय के रेडियोलॉजी मेडिकल रिसर्च सेंटर के डायरेक्टर आंद्रेई कप्रीन ने दी थी। डायरेक्टर आंद्रेई ने बताया था कि रूस ने कैंसर के खिलाफ अपनी MRNA वैक्सीन विकसित कर ली है। वैक्सीन के क्लिनिकल ट्रायल से पता चला है कि इससे ट्यूमर के विकास को रोकने में मदद मिलती है।

# विधान सभा अध्यरक्ष श्री देवनानी ने पण्डित दीनदयाल उपाध्याय को अर्पित किये श्रद्धा सुमन

## -धानक्याा पावन और तीर्थ स्थील है,पण्डित उपाध्यायय का दर्शन युवा
## - सामाजिक कार्यकर्ताओं और राजनीतिज्ञों के लिए प्रेरणादायक - श्री देवनानी



जयपुर(रॉयल पत्रिका)। राजस्थान विधान सभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा है कि पण्डित दीनदयाल उपाध्याय ने राष्ट्रद निर्माण और राष्ट्रर के भविष्य की संकल्पेना के लिए गहन चिन्ततन किया। पण्डित उपाध्यारय ने विकास का आधार एकात्म मानव दर्शन बताया है। देवनानी ने कहा कि पण्डित उपाध्यादय का दर्शन युवाओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं और राजनीतिज्ञों के लिए प्रेरणादायक है। धानक्याा की इस पवित्र भूमि पर राष्ट्र वाद से प्रेरित इस कार्यक्रम में कुशाग्र बुद्धिन वाले पण्डित उपाध्याकय जी की प्रतिमा के सामने खडे होने पर ही उनके अभूतपूर्व जीवन का सम्पूर्ण चित्र उभरकर आ जाता है। समाज सेवा के पथ प्रदर्शक, राजनीति के आदर्श, अदभुत व्यूक्तित्व , चिंतन, बुद्धि कौशल, नेतृत्वृ और सांगठनिक क्षमता के धनी पण्डित उपाध्याकय ने लागातार समाज को नई दृष्टि देकर समाज को जगाने का कार्य किया। विधान सभा अध्यिक्ष देवनानी ने मंगलवार को धानक्याद में स्थित पण्डित दीनदयाल उपाध्या्य राष्ट्री य स्मारक स्थाल पर पहुँचकर पण्डित जी की प्रतिमा के समक्ष पुष्पर अर्पित कर उन्हें स्म रण किया। उन्होंने कहा कि धानक्या की इस पवित्र भूमि पर राष्ट्र वाद से प्रेरित इस कार्यक्रम में कुशाग्र बुद्धिन वाले पण्डित उपाध्याउय जी की प्रतिमा के सामने खडे होने पर ही उनके अभूतपूर्व जीवन का सम्पू र्ण चित्र उभरकर आ जाता है। समाज सेवा के पथ प्रदर्शक, राजनीति के आदर्श, अदभुत व्यूक्तित्वर, चिंतन, बुद्धि कौशल, नेतृत्वक और सांगठनिक क्षमता के धनी पण्डित उपाध्याकय ने लागातार समाज को नई दृष्टि देकर समाज को जगाने का कार्य किया। देवनानी ने कहा कि पण्डित उपाध्याकय ने राष्ट्रि सेवा को ही अपने जीवन का ध्येगय बनाया। मोमबत्ती और लालटेन की रोशनी में अध्ययन करने वाले पण्डित उपाध्यारय ने पांचजन्या, स्वेदेश, राष्ट्रन धर्म जैसे समाचार पत्र-पत्रिकाओं के माध्यपम से राष्ट्रीतय जागरण और राष्ट्री य विचारों का प्रचार-प्रसार किया। देवनानी ने कहा कि पण्डित उपाध्याय ने भारत की कृषि प्रधान अर्थ व्यलवस्थाा को सुदृढ करने के लिए विकेन्द्रीरकृत राजनीति और आत्मवनिर्भर अर्थव्यपवस्थाय को केन्द्र् में रखकर आधुनिक तकनीको को शामिल करने का सुझाव दिया। देवनानी ने कहा कि पण्डित उपाध्यामय की पुण्यतिथि पर हम सभी को उनके सपनों को साकार करने का संकल्पर लेना होगा। राष्ट्र को प्रथम रखकर उन्न त, विकसित और समृद्ध भारत को निरन्तकर आगे बढाने के लिए हम सभी को सक्रिय भूमिका निभानी होगी। पण्डित उपाध्यानय की "एक देश— एक विचार" की संकल्पिना में अखण्डर भारत के निर्माण में सभी को साथ मिलकर चलना होगा। महान चिन्तृक, विचारक और अन्तो'दय व एकात्मिमानववाद के प्रणेता पण्डित उपाध्यामय के आदर्शों को अपने जीवन में उतारकर हम राष्ट्रक को नई दिशा देने में भागीदार बन सकते हैं। देवनानी ने पण्डित उपाध्या य की 57वीं पुण्यरतिथि के अवसर पर पण्डित दीनदयाल उपाध्यांय स्मृसति समारोह समिति द्वारा आयोजित नेत्र चिकित्साअ शिविर का शुभारम्भय किया। देवनानी ने पण्डित दीनदयाल उपाध्यायय राष्ट्री य स्मादरक स्थाल से संबंधित चित्रों की प्रदर्शनी का भी उद्घाटन किया। देवनानी ने नेत्र चिकित्सा शिविर में ईलाज लेने आए बुजुर्गों से बातचीत की और उनके हाल चाल पूछे। इस मौके पर विधायक गोपाल शर्मा, समारोह समिति से जुडे कैलाश चन्द्रे, शंकर, एम.एल. छीपा सहित अनेक गणमान्य जन मौजूद थे।

# विधान सभा अध्यक्ष की कर्नल लक्ष्मीण सिंह राठौड के निधन पर संवेदना

## -भारत माता की सेवा में समर्पित रहा स्वण. राठौड का जीवन— विधान सभा अध्यक्ष



जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। राजस्थान विधान सभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने मंगलवार को उद्योग मंत्री कर्नल राज्य्वर्धन सिंह राठौड के निवास पर पहुँचकर उनके दिवंगत पिता कर्नल लक्ष्मेण सिंह राठौड के चित्र पर पुष्पल अर्पित कर श्रद्धाजंलि दी। देवनानी ने उद्योग मंत्री कर्नल राठौड को ढांढस बंधाया और शोक संतप्तव परिवारजन के प्रति संवेदना व्यंक्तन की। देवनानी ने कहा कि स्वब. कर्नल लक्ष्म ण सिंह राठौड का पूरा जीवन भारत माता की सेवा को समर्पित रहा। जांबाज सैनिक के रूप में पाकिस्तोन की साम्प्रंदायिक शक्तियों के खिलाफ उनका अपूर्व शौर्य प्रदर्शन गौरवशाली मिसाल रहा है। सच्चे देशभक्तव के रूप में स्व. राठौड को सदैव याद रखा जाएगा। राष्ट्रश सेवा के लिए समर्पित स्वस. राठौड का जीवन युवाओं में देश भक्ति की भावना का विकास करने के लिए प्रेरणादायी है। देवनानी ने दिवंगत आत्माा की शांति और शोक संतप्त परिजनों को इस दु:ख को सहन करने के लिए परमपिता परमेश्वर से प्रार्थना की है।

# राजस्थान सरकार इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए देगी 200 करोड़ रू की सब्सिडी



जयपुर(रॉयल पत्रिका) जयपुर प्रदेश मे इलेक्ट्रिक वाहनों को बढावा देने हेतु इलेक्ट्रिक वाहन नीति के अन्तर्गत 200 करोड़ रू का ई-व्हीकल प्रमोशन फंड गठित किया गया है। राज्य सरकार की "इलेक्ट्रिक वाहन नीति-2022" के अन्तर्गत फेम-2 के दिशा निर्देशों के अनुरूप आधुनिक बैटरी युक्त इलैक्ट्रिक वाहनों के क्रेताओं को स्टेट जीएसटी राशि का पुनर्भरण एवं एकमुश्त अनुदान ई-व्हीकल प्रमोशन फंड में से दिये जाने का प्रावधान किया गया है। पुनर्भरण एवं एकमुश्त अनुदान राशि 01.09.2022 से क्रय किए गए एवं राज्य में पंजीकृत किये गये वाहनो पर देय होगा। वाहन का क्रय राजस्थान राज्य से ही किया जाना आवश्यक है। परिवहन एवं सड़क सुरक्षा विभाग के संयुक्त परिवहन आयुक्त श्री जगदीश प्रसाद बैरवा ने बताया कि अनुदान हेतु सर्वप्रथम पॉलिसी के अन्तर्गत फेम-2 में पंजीकृत वाहन विनिर्माता को विभागीय पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन करवाना आवश्यक है। रजिस्ट्रेशन के बाद विभाग द्वारा सत्यापन किये जाने के पश्चात् निर्माता द्वारा पुनः पोर्टल पर फेम-2 के दिशा निर्देशों के अनुरूप आधुनिक बैटरी (Advanced Batteries like Lithum-ions) युक्त वाहन का मॉडल, बैटरी का प्रकार व बैटरी क्षमता की सूचना दर्ज की जानी है। पोर्टल पर उपरोक्तानुसार कार्यवाही के पश्चात् विभाग द्वारा वाहन का माडल, बैटरी का प्रकार व बैटरी क्षमता इत्यादि का सत्यापन किया जाकर वाहन क्रेताओं को पुनर्भरण एवं अनुदान राशि के क्लेम हेतु आवेदन के लिए वाहन पोर्टल पर अनुमत किया जाएगा। वाहन स्वामी द्वारा अपने वाहन के पंजीयन क्रंमाक एवं चेसिस नंबर के अंतिम 5 अंक पोर्टल पर दर्ज होंगे। फिर आवेदक के मोबाइल नंबर पर एसएमएस के माध्यम से ओटीपी भेजा जाएगा। वाहन स्वामी अपने बैंक खाते का विवरण को बैंक के दस्तावेज़ जैसे पासबुक फ्रंट पेज/रद्द किए गए चेक के साथ अपलोड करेगा, फिर आवेदन सबमिट करेगा। अनुदान राशि का सीधे ही वाहन स्वामी के खाते में हस्तांतरण कर दिया जायेगा। प्रोत्साहन के लिए इलैक्ट्रिक वाहनों की संख्या प्रत्येक श्रेणी के लिए दी गई सीमा के अनुसार होगी। अतः संबंधित वाहन विनिर्माता, वाहन डीलर्स व वाहन क्रेता अनुदान राशि प्राप्त करने के लिए यथा शीघ्र पोर्टल आवेदन किया जाना सुनिश्चित करें।

# आलिम, हाफिज, कारी व मौलवी बने स्टूडेंट्स का आज होगा सम्मान

## -सुन्नी दावते इस्लामी व दारुल उलूम अहले सुन्नत नूरी सुन्नी सेंटर करेगा दस्तारबंदी

जयपुर(रॉयल पत्रिका)। सुन्नी दावते इस्लामी व दारूल उलूम अहले सुन्नत नूरी सुन्नी सेंटर के संयुक्त तत्वावधान में जश्न-ए-दस्तारबंदी का वार्षिक समारोह 12 फरवरी को रात 9 बजे पहाड़गंज स्थित हीरा सीनियर सैकेंडरी स्कूल के समीप होगा। जिसमें आलिम, हाफिज, कारी और मौलवी बने एक दर्जन से अधिक स्टूडेंट्स को सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम के संयोजक आले रसूल हजरत मौलाना सैय्यद मुहम्मद कादरी के अनुसार मुफ्ती-ए-शहर जयपुर हजरत मौलाना मुफ्ती अब्दुस्सत्तार रजवी की सरपरस्ती में आयोजित होने वाले इस समारोह में उत्तर प्रदेश के हजरत मौलाना मुफ्ती अजहार अहमद अमजदी अजहरी मुख्य अतिथि होंगे तथा अध्यक्षता मुफ्ती इरफान मर्कजी साहब करेंगे। वहीं मुख्य वक्ता हजरत मौलाना मुफ्ती अब्दुल गफ्फार (जोधपुर) कुरआन-ए-पाक और पैगम्बर मुहम्मद साहब की जीवनी व शिक्षाओं पर विस्तार से प्रकाश डालेंगे।

**अमन व शांति के लिए सूफीइज्म शिक्षा जरुरी : कादरी :-** मौलाना सैय्यद मुहम्मद कादरी ने बताया कि कुरान की शिक्षाओं को आम करने, इंसानियत और अमन व शांति के लिए सूफीइज्म (तसव्वुफ) यानी सूफी बुजुर्गों की शिक्षाओं को आमजन तक पहुंचाना उद्देश्य है। इसमें सूफी विचार व औलिया की सुफिज्म शिक्षा को बढ़ावा दिया जाएगा। नौजवानों को समाज सेवा के कामों के लिए जागरूक करना मुल्क और कौम की तरक्की व खुशहाली के लिए हर संभव प्रयास करने की ओर ध्यानाकर्षण किया जाएगा।

**इनकी रहेगी विशेष उपस्थिति:-** मौलाना सैय्यद मुहम्मद कादरी ने बताया कि समारोह में शहर के इस्लामिक स्कॉलर, शिक्षाविद् तथा सुन्नी दावते इस्लामी के जिम्मेदारों के साथ ही हाजी अब्दुल कादिर, हाजी हमीद बैग, नसीरुद्दीन शेख, हाजी हसीन अहमद, नईमुद्दीन, नूरी सुन्नी सेंटर विकास समिति के सदस्यगण आदि की विशेष उपस्थिति रहेगी। ये सुन्नी इज्तेमा सलातो सलाम व मौलाना इमाम इरफान बरकाती की खुसूसी दुआ के साथ संपन्न होगा।

# जयपुर पुलिस ने कंगला गैंग के दो बदमाश पकड़े

## -पुलिस टीम पर किया था जानलेवा हमला
## - टोंक जिले में कर चुके लूट की वारदात



जयपुर (रॉयल पत्रिका)। जयपुर पुलिस ने कंगला गैंग के दो बदमाशों को सोमवार रात अरेस्ट किया है। जयपुर में कंगला गैंग के पुलिस टीम पर लाठी-सरिए से जानलेवा हमला भी कर चुकी है। जयपुर के साथ ही टोंक जिले में गैंग एक दर्जन से अधिक लूट की वारदात कर चुकी है। पुलिस पूर्व में गैंग के सरगना सहित कई बदमाशों को अरेस्ट कर जेसी भेज चुकी है। डीसीपी (साउथ) दिगंत आनंद ने बताया- कंगला गैंग के बदमाश महेंद्र कुमार मीना (20) पुत्र शंकर लाल मीना निवासी गांव ठिकरिया मीना कोटखावदा और जितेश मीना उर्फ जीतू (25) पुत्र पप्पूलाल मीना नवासी गांव संपतपुरा कोटखावदा को अरेस्ट किया। कोटखावदा पुलिस को देर रात मुखबिर से कंगला गैंग के बदमाश महेंद्र कुमार मीना और जितेश मीना उर्फ जीतू के कोटखावदा में छिपे होने की सूचना मिली थी। पुलिस टीम ने दबिश देकर लूट मामले में वांछित दोनों बदमाशों को दबिश देकर पकड़ लिया। पूछताछ में कंगला गैंग के सरगना सहित बदमाशों ने जयपुर और टोंक में लूट की दर्जनों वारदात करना स्वीकार किया है।

**सरगना को छुड़ाने के लिए हमला :-** जयपुर की प्रताप नगर थाना पुलिस 13 जुलाई को कंगना गैंग के सरगना व बदमाशों को पकड़ने कोटखावदा के ठिकरिया मीनान गांव गई थी। पुलिस टीम ने कंगला गैंग के सरगना कृष्ण कुमार मीना उर्फ के.के.मीना व उसके साथियों को पकड़ लिया। पुलिस टीम पर गैंग सरगना के.के.मीना, उसके साथियों व परिवार के लोगों ने लाठी-सरिए से जानलेवा हमला कर घायल कर दिया। पुलिस टीम को घायल कर सरगना के.के.मीना व उसके साथियों को छुड़ा ले गए। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई कर के सरगना के.के.मीना, बदमाश रामकेश मीना, रामवतार मीना, राजूलाल मीना, रामफूल मीना, मीरा देवी, छोटी दवी, सियाराम मीना व दयाराम मीना को अरेस्ट कर जेसी भेज दिया था।

# जयपुर से महाकुंभ के लिए शुरू होगी नई फ्लाइट

## -हर दिन होगा संचालन, यात्रियों को मिलेंगे चार विकल्प



**जयपुर(रॉयल पत्रिका)। जयपुर से महाकुंभ में जाने वाले यात्रियों के लिए अच्छी खबर है। आज से स्पाइसजेट एयरलाइंस जयपुर से प्रयागराज के लिए एक और डेली फ्लाइट शुरू करने जा रही है। यह फ्लाइट हर दिन जयपुर से प्रयागराज और प्रयागराज से जयपुर आएगी। ऐसे में अब महाकुंभ जाने वाले यात्रियों को जयपुर से प्रयागराज जाने के लिए चार फ्लाइट का विकल्प मिल सकेगा। स्पाइसजेट एयरलाइंस के प्रवक्ता ने बताया- महाकुंभ जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए एयरलाइंस द्वारा जयपुर से प्रयागराज के लिए एक और सीधी फ्लाइट शुरू की जा रही है। फ्लाइट संख्या SG - 2965 आज (11) फरवरी से 28 फरवरी तक संचालित होगी। जो हर दिन शाम 5 बजकर 5 मिनट पर जयपुर से प्रयागराज के लिए रवाना होगी। 2 घंटे में अपना सफर पूरा कर शाम 7 बजे प्रयागराज पहुंचेगी। इसी तरह हर दिन प्रयागराज से SG - 2966 आज (11) फरवरी से 28 फरवरी तक संचालित होगी। जो हर दिन शाम 7 बजकर 25 मिनट पर प्रयागराज से रवाना होगी। यह फ्लाइट 1 घंटे 45 मिनट में अपना सफर पूरा कर 9 बजकर 10 मिनट पर जयपुर पहुंचेगी। यह दोनों डेली फ्लाइट होगी।**

**अभी 3 फ्लाइट का संचालन किया जा रहा:- बता दें कि फिलहाल जयपुर से प्रयागराज के लिए अब तक 3 फ्लाइट का संचालन किया जा रहा था। इनमें इंडिगो एयरलाइंस, स्पाइसजेट एयरलाइंस और एलाइंस एयरलाइंस की फ्लाइट शामिल है। वहीं आज से स्पाइसजेट एयरलाइंस एक और फ्लाइट प्रयागराज के लिए संचालित की जाएगी। इनमें इंडिगो और स्पाइसजेट एयरलाइंस की दो फ्लाइट सुबह प्रयागराज के लिए संचालित हो रही है। जबकि आज से स्पाइसजेट एयरलाइंस की एक फ्लाइट हर दिन शाम को संचालित होगी। इसी तरह एलाइंस एयरलाइंस की प्रयागराज के लिए फ्लाइट साप्ताहिक है। जो सिर्फ रविवार को प्रयागराज के लिए उड़ान भर रही है।**

# SI-भर्ती मामले में हाईकोर्ट ने कहा-RPSC का कोई धणीधोरी नहीं

## -चेयरमैन से कहा- आपके दो सदस्यों का कनेक्शन सामने आया, आप मामला दर्ज कराते



जयपुर (रॉयल पत्रिका)। एसआई भर्ती मामले में मंगलवार को हाईकोर्ट ने आरपीएससी के एफआईआर दर्ज नहीं कराने पर नाराजगी जताई। जस्टिस समीर जैन ने आरपीएससी चेयरमैन कैलाश चंद्र मीणा (कार्यवाहक) से कहा- आपके दो सदस्यों का जुड़ाव (कनेक्शन) सामने आया। क्या आपकी डयूटी नहीं बनती थी कि आप मामला दर्ज कराते। हाईकोर्ट ने मौखिक टिप्पणी करते हुए कहा- आरपीएससी का कोई धणीधोरी है क्या? आज याचिकाकर्ता की ओर से हाईकोर्ट में ईडी को पार्टी बनाने की एप्लिकेशन लगाई गई। इस पर कोर्ट ने याचिकाकर्ता के वकील को कहा- एप्लिकेशन की जरूरत नहीं है। हम ईडी को पार्टी बनाने के आदेश दे चुके हैं।

**भर्ती रद्द कराना चाहते हैं याचिकाकर्ता:-** सुनवाई के दौरान एसओजी के एडीजी वीके सिंह और आरपीएससी चेयरमैन कोर्ट में मौजूद हैं। सोमवार को अदालत ने दोनों को कोर्ट में उपस्थित रहने के निर्देश दिए थे। मामले में याचिकाकर्ताओं के अलावा सरकार, ट्रेनी एसआई पक्षकार हैं। याचिकाकर्ताओं का कहना है कि भर्ती को निरस्त किया जाना चाहिए। क्योंकि एसओजी, पुलिस मुख्यालय, एजी और कैबिनेट सब कमेटी भर्ती रद्द करने की सिफारिश कर चुके हैं। वहीं, ट्रेनिंग ले रहे सब इंस्पेक्टर्स का कहना है कि पेपर लीक में हमारी कोई संलिप्तता नहीं है। हमने इस नौकरी के लिए अन्य सरकारी नौकरी छोड़ी है। ऐसे में अगर भर्ती रद्द होती है, तो हमारे साथ अन्याय होगा।

**क्या है मामला:-** सब इंस्पेक्टर भर्ती 2021 परीक्षा का पेपर लीक हो गया था। एसओजी की जांच में कई डमी कैंडिडेट बैठाने का मामला भी सामने आया था। जांच में सामने आया था कि फर्जीवाड़ा करके कई अभ्यर्थियों ने नौकरी हासिल कर ली है। करीब 50 ट्रेनी एसआई को एसओजी अरेस्ट कर चुकी है, जिनमें से 25 को हाईकोर्ट से जमानत मिल गई थी।

# जयपुर के मकान में 7 पिस्टल और 280 गोलियां मिलीं

## -खुद को स्टूडेंट बताकर बदमाशों ने किराए पर लिया मकान
## - किरायानामा का एग्रीमेंट भी करवाया



जयपुर(रॉयल पत्रिका)। जयपुर पुलिस के मुहाना इलाके में सर्च के दौरान एक मकान में 7 पिस्तौल व 280 कारतूस मिले है। हरियाणा-झुंझुनूं के रहने वाले बदमाशों ने स्टूडेंट बताकर मकान किराए पर लिया था। मकान मालिक को विश्वास दिलाने के लिए किरायानामा एग्रीमेंट भी किया। मुहाना थाना पुलिस फरार बदमाशों की तलाश कर रही है।

**SHO (मुहाना) उदय सिंह ने बताया-** मुहाना के विष्णु विहार कॉलोनी में सोमवार को सर्च ऑपरेशन चलाया गया। लॉक लगे एक मकान को सर्च करने पर 7 पिस्टल और 280 कारतूस मिले। मकान मालिक से कॉन्टैक्ट करने पर उसने दिसम्बर-2024 में हरियाणा के भिवानी निवासी प्रशांत कुमार और झुंझुनूं के चिड़ावा निवासी अनिल कुमार जाट को किराए पर देना बताया। दोनों ने जयपुर में रहकर पढ़ाई और कार बाजार का काम करने की बात कहकर मकान किराए पर लिया था। विश्वास में लेने के लिए मकान मालिक के कहने पर अपने आई कार्ड और किरायानामा एग्रीमेंट भी करवाया। पुलिस प्रथमदृष्टया जांच में सामने आया है कि दोनों बदमाश संगठित गिरोह के सदस्य हैं। दोनों बदमाश अवैध हथियार की सप्लाई करते हैं। हरियाणा और झुंझुनूं पुलिस से दोनों आरोपियों के आपराधिक रिकॉर्ड मांगा गया है। फरार दोनों बदमाशों की धड़पकड़ के लिए पुलिस टीमें बनाकर दबिश दी जा रही है। उनके पकड़ में आने के बाद ही अवैध हथियारों की खरीद-फरोख्त के बारे में पता चल सकेगा।

# जामिया अरबिया सिद्दीकिया कुतुबपुर में 12 फरवरी को सालाना जलसा-ए-दस्तारबंदी का आयोजन



करौली, (रॉयल पत्रिका)। करौली जिले के हिंडौन सिटी, कुतुबपुर स्थित जामिया अरबिया सिद्दीकिया का सालाना जलसा-ए-दस्तारबंदी 12 फरवरी 2025, बुधवार को बाद नमाज-ए-मगरिब आयोजित किया जाएगा। इस खास मौके पर जामिया खादिमुल इस्लाम हापुड़ के शेख उल हदीस हजरत मौलाना मोहम्मद यामीन और मुक़र्रिर-ए-बेबाक हजरत मौलाना इस्लामुल हक़ सीतापुरी, खलीफा हजरत मौलाना क़मरुज़्ज़मा इलाहाबादी तशरीफ लाएंगे। जलसे में बच्चों के दिलचस्प प्रोग्राम जैसे तक़रीर, नात और मुक़ालमा का आयोजन किया जाएगा। इसके अलावा हिफ्ज़ के कम्पिटिशन के फाइनल राउंड में पोज़िशन हासिल करने वाले बच्चों को इनाम दिए जाएंगे। इस साल हाफ़िज़ बनने वाले 20 बच्चों और अरबी चहारुम से फारिग़ होने वाले तलबा की दस्तारबंदी भी की जाएगी। जलसे में उलमा-ए-किराम के बयानात और दुआ का भी आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में शिरकत करने की अपील करते हुए मुफ्ती खलील अहमद क़ासमी और मदरसा कुतुबपुर हिंडौन सिटी के सभी अराकीन ने सभी को आमंत्रित किया है।

# सभी कार्य गुणवत्तापूर्ण व निर्धारित समय सीमा में हों - जिला प्रभारी मंत्री खर्रा

पाली(रॉयल पत्रिका)। पाली जिले के प्रभारी व स्वायत्त शासन मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने आज मंगलवार को सर्किट हाउस में जिला स्तरीय अधिकारियों के विभागीय योजनाओं व कार्यों की समीक्षा बैठक ली और अधिकारियों से फीडबैक लेकर आवश्यक निर्देश दिये। प्रभारी मंत्री खर्रा ने कहा कि सभी कार्य गुणवत्तापूर्ण निर्धारित समय सीमा में हो व राज्य सरकार व मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की मंशानुसार कार्य हो। उन्होंने समीक्षा बैठक में विभिन्न विभागों योजनाओं व कार्यो की प्रगति में बारी बारी से जानकारी ली और बैठक में उन्होंने बजट घोषणाओं के क्रियान्वयन के बारे में वर्तमान स्थिति के बारे में, जिला परिषद की पीएम आवास, स्वामित्व योजना, प्रॉपर्टी पार्सल, नरेगा, स्वच्छता मिशन एमजेएसए, मॉडल गांव, विद्त विभाग विद्त कनेक्शन विभिन्न प्रकार के व प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के बारे में जानकारी ली साथ ही चिकित्सा विभाग में आयुष्मान कार्ड व अन्य योजनाओं, सार्वजनिक



निर्माण विभाग क्षतिग्रस्त सडकों व पुलिया की मरम्मत के बारे में निर्देश व पीएचईडी विभाग की योजनाअें जल जीवन मिशन, जल संसाधन बांधों के बारे में वर्तमान स्थिति के बारे मे जानकारी लेकर आवश्यक निर्देश दिये। उन्होंने उद्योग केन्द्र के राईजिंग राजस्थान, निवेश प्रोत्साहन योजना, भीमराव अम्बेडकर दलित आदिवासी उद्यम योजना आदि के बारे प्रगति की जानकारी लेकर आवश्यक निर्देश दिये। इसी प्रकार उन्होंने नगर निगम साफ सफाई, अतिक्रमण, नालों के बारे में व अन्य बिन्दओ पर भी चर्चा व यूआईटी के कार्या की जानकारी ली। साथ ही कृषि विभाग फसलों के बारे में, बागवानी, पशुपालन विभाग की योजनाओं मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना की प्रगति सामाजिक न्याय अधिकारिता विभाग, शिक्षा विभाग में टेबलेट वितरण, दूध योजना, साईकिल वितरण के बारे मे प्रगति को जाना साथ ही रीको, वन विभाग, माईनिंग विभाग के कार्या की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिये। साथ ही उन्होंने सम्पर्क पोर्टल पर दर्ज प्रकरणों व ई फाइलिंग की जानकारी ली। इस अवसर पर बैठक में सोजत विधायक शोभा चौहान, पाली विधायक भीमराज भाटी, जिला कलक्टर एलएन मंत्री ने बैठक में विभिन्न विभागों के कार्या और योजनाओं की प्रगति के बारे में जानकारी दी। बैठक में पुलिस अधीक्षक चुनाराम जाट, आईएफएस बाला, पूर्व सभापति महेन्द्र बोहरा, अतिरिक्त कलक्टर डॉ बजरंग सिंह, एडीएम (सीलिंग) भवानी सिंह पंवार, जिला परिषद सीईओ मुकेश चौधरी, यूआईटी सचिव डॉ. पूजा सक्सेना, नगर निगम आयुक्त नवीन भारद्वाज, सुनील भंडारी, तिलोकराम चौधरी सहित सभी विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# अवैध खनन और ओवरलोडिंग पर होगी सख्त कार्रवाई

**-कलेक्टर-एसपी ने ली जिला स्तरीय बैठक, विभागों के समन्वय पर जोर**




बारां(रॉयल पत्रिका)। जिले में अवैध खनन और ओवरलोडिंग की समस्या से निपटने के लिए मंगलवार को जिला कलेक्ट्रेट सभागार में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। कलेक्टर रोहिताश्व सिंह तोमर की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित इस बैठक में जिले के वरिष्ठ अधिकारियों ने हिस्सा लिया। कलेक्टर तोमर ने खनिज संसाधनों की सुरक्षा को लेकर कड़े निर्देश जारी किए। उन्होंने विभिन्न विभागों को उनके क्षेत्राधिकार के अनुसार जिम्मेदारियां सौंपी। खान विभाग को गैर-वन क्षेत्र में कार्रवाई, वन विभाग को वन क्षेत्र में निगरानी बढ़ाने और राजस्व विभाग को खातेदारी भूमि में अवैध खनन के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए गए। पुलिस अधीक्षक राजकुमार चौधरी ने सभी विभागों के बीच बेहतर समन्वय पर जोर दिया। उन्होंने पुलिस विभाग को नियमित पेट्रोलिंग के निर्देश दिए। साथ ही जिला परिवहन अधिकारी को ओवरलोडिंग वाहनों पर सख्त कार्रवाई करने को कहा। बैठक में अवैध खनन रोकने के लिए एक ठोस रणनीति बनाने और सभी विभागों के बीच समन्वित कार्रवाई पर विशेष जोर दिया गया।

# कोटा में अतिक्रमण हटाने गई टीमों से धक्का मुक्की

**-मस्जिद गली में हंगामा, नॉन वेज की दुकानें सीज की**



कोटा(रॉयल पत्रिका)। अतिक्रमण हटाने गई नगर निगम की टीम और पुलिसकर्मियों से दुकानदारों ने अभद्रता करते हुए धक्का-मुक्की की। हंगामा बढ़ता देख मौके पर अतिरिक्त जाब्ता मंगवाया गया। इसके बाद नॉनवेज की 2 दुकानों और हंगामा करने वाले युवकों को हिरासत में लिया गया।

**पुलिसकर्मियों से धक्का-मुक्की की:-** जानकारी के अनुसार, नगर निगम को स्टेशन इलाके में मेन बाजार, मस्जिद गली, कासिम गली में हुए अतिक्रमण की शिकायत मिली थी। यहां नॉनवेज की दुकान लगाने वालों ने सड़क पर ही अतिक्रमण कर लिया था। इससे दोपहिया वाहनों को निकलने से परेशानी हो रही थी। इसी को देखते हुए आज शाम 4 बजे नगर निगम की अतिक्रमण टीम स्टेशन इलाके में पहुंची। यहां अतिक्रमण की कार्रवाई की जा रही थी। इस दौरान अतिक्रमण हटाते समय कुछ दुकानदार पुलिसकर्मियों से बदसुलूकी करने लगे और धक्का-मुक्की कर दी। यह देख डीएसपी तरुण कांत सोमानी ने दुकानदार को फटकार लगाई। इसके बाद उसे कॉलर से पकड़कर धक्का दिया। इतने में अन्य दुकानदार भी हंगामा करने लगे। इसके बाद मौके पर पुलिस का अतिरिक्त जाब्ता बुलाया गया। इसके बाद पुलिस की मौजूदगी में JCB से अतिक्रमण साफ किया। नगर निगम दस्ते ने 2 नॉनवेज की दुकानों को सीज किया और अन्य दुकानों का चालान बनाया। हंगामा कर रहे अतिक्रमियों को भी पुलिस ने डिटेन भी किया।

# आयुर्वेद से असाध्य बीमारियां जड़ से होती है खत्म: विधायक बैरवा




शब्बीर हुसैन

बारां,(रॉयल पत्रिका) 10 फरवरी। शहर के कोटा रोड स्थित खेल संकुल में आयोजित संभाग स्तरीय आरोग्य मेले का समापन सोमवार को समारोह पूर्वक हुआ। इसमें सेवाएं देने वाले सभी कर्मचारियों एवं अधिकारियों को सम्मानित किया गया। मेले में अंतिम दिन शहर सहित दूर दराज से बड़ी संख्या में रोगी उमड़े। जिन्होंने विभिन्न पद्धतियों से चिकित्सा परामर्श लिया। रोगियों को दवाएं भी निशुल्क दी गई। मीडिया प्रभारी डॉ. हरिशंकर मीणा व डॉ. कमलेश कंवरिया ने बताया कि चार दिन तक चले इस मेले में अंतिम दिन 2332 सहित कुल 10726 रोगियों ने चिकित्सा परामर्श लिया। इनमें प्रमुख रूप से असाध्य रोग व मस्सों से निजात पाने वालों की संख्या अधिक रही। समापन समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि विधायक राधेश्याम बैरवा ने कहा कि प्राचीन भारतीय चिकित्सा का महत्व आज के आधुनिक दौर में भी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा आयर्वेद को बढ़ावा दिया जा रहा है। ताकि इसका खोया हुआ गौरव फिर से हांसिल किया जा सके। सरकार द्वारा इसके लिए पर्याप्त बजट भी दिया जा रहा है। आयुर्वेद से असाध्य बीमारियां जड़ से खत्म हो जाती है। विशिष्ट अतिथि किशनगंज विधायक ललित मीणा ने कहा कि हमारे ऋषि मुनियों ने हमें आयुर्वेद के रूप में अमूल्य खजाना दिया है। जिसकी बदौलत हम विश्व की किसी भी पद्धति से कम नही हैं। अध्यक्षता करते हुए नोडल अधिकारी अतिरिक्त निदेशक कोटा संभाग डॉ. मोहनलाल वर्मा ने कहा कि संभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों की मेहनत व लगन के बदौलत ही यह मेला सफल हो सका है। इसमें पहली बार इतनी संख्या में रोगी लाभ्वान्वित हुए हैं। उन्होंने सभी का आभार व्यक्त किया। समारोह को विशिष्ट अतिथि उपनिदेशक डॉ. विरेंद्र कुमार सोहाया, उपनिदेशक कोटा डॉ. प्रवीणसिंह मीणा, उपनिदेशक बूंदी डॉ. मालती पारीक, पूर्व एएसपी नंदलाल पवन, पूर्व सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी घनश्याम वर्मा, भाजपा के पूर्व नगर अध्यक्ष महावीर नामा, भाजयुमो पूर्व जिलाध्यक्ष मुकेश केरवालिया ने भी विचार व्यक्त किया। मेला प्रभारी डॉ. जितेंद्र सिंह हाड़ा ने मेले का प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की। जिसमें पंचकर्म विभाग में 406, अग्निकर्म में 398, विधकर्म में 364, जलोका में 186, स्वर्णप्रॉशन में 620, जरावस्था में 874, आंचलप्रसूता 196, योगप्राकृतिक में 550, क्षारसूत्र में 580 रोगियों ने परामर्श लिया। वहीं यूनानी में 511, होम्योपैथी में 1080 ने परामर्श एवं चिकित्सा सुविधा का लाभ लिया।

**व्याख्यान दिया-** इससे पूर्व दिन में आयोजित व्याख्यान श्रृंखला में डॉ. कपिल सैनी ने डायबिटीज व असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. सीमा मीणा गुदा रोग ने जानकारी दी। समापन में अतिथियों ने भगवान धन्वतंरी की पूर्जा अर्चना कर समारोह का शुभारंभ किया। जिसमें डॉ. पारूल यादव, डॉ. लीना वर्मा, डॉ. निशा वर्मा, डॉ. सरोज कुशवाह, डॉ. प्रेमकुमारी दाधीच, डॉ. मीनाक्षी मीणा, डॉ. अजय नागर, डॉ. जुगलकिशोर मीणा, डॉ. राजकुमार गोयल, डॉ. अजय सिंह आदि ने अक्षत व रोली से अतिथियों का अभिनंदन किया। आयुष अधिकारियों ने दुपट्टा पहनाया व स्मृति चिंन्ह भेंट किया। मेले में भागीदारी निभाने वाले सभी कार्मिकों को प्रशंसा पत्र व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

**इनका भी रहा सहयोग-** मेले में होम्योपैथी विभाग से डॉ. निहारिका मीणा, डॉ. वासी खान, डॉ. मनीषा, डॉ. विमल बागड़ी, यूनानी से डॉ. सरफराजुद्दीन अफजल, डॉ. बिरधीलाल सुनारिया, डॉ. मानेहा तबस्सुम, दवा वितरण में कंपाउंडर बृजराज वर्मा, राजीव मीणा, सोहनलाल, हरि सिंह, सोनिया मीणा, चेतना मीणा, पंचकर्म विभाग में शरद कुमार मीणा, लेखराज गोचर, ममता शर्मा, लक्ष्मी मीणा सेवाएं दी। अग्निकर्म विभाग में नर्स सरोज मीणा, सोनिया गौतम, अल्का मीणा, अरुणकुमार शर्मा, योग व प्राकृतिक चिकित्सा में डॉ. अर्पित श्रीवास्तव, रजनीश पारीक, अलका मीणा, डॉ. नवीन वर्मा, डॉ. राधेश्याम मीणा, डॉ. प्रतापसिंह मेहता, डॉ. नरेंद्र मीणा व प्रवीण गोचर तथा विभिन्न व्यवस्थाओं में परिचारक प्रेमनारायण राव, देवकुमार, देवेंद्र, विनोद, राजकुमार, जगदीश कहार, राधेश्याम जांगिड़, जगदीश चौपदार, महावीर, मुरलीधर नागर, कौशल पारेता, रजनीश कुमार, लक्ष्मी मेहरा, पिंकी मीणा, दीपिका मीणा, श्यामलाल नागर, रामवीर सिंह आदि का सहयोग रहा।

# बारां में 1352 किसानों के बने यूनिक आईडी कार्ड

**-किसानों को मिल रही डिजिटल पहचान, सरकारी योजनाओं का मिलेगा सीधा लाभ**



बारां (रॉयल पत्रिका)। जिले में किसानों की समृद्धि को सुनिश्चित करने के लिए फार्मर रजिस्ट्री अभियान तेजी से चल रहा है। एडीएम दिवांशु शर्मा के अनुसार जिले की सभी ग्राम पंचायतों में तीन दिवसीय शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। अब तक 1352 किसानों को यूनिक आईडी कार्ड जारी किए गए हैं। जिले के छबड़ा ब्लॉक में सर्वाधिक 416 किसान, बारां ब्लॉक में 264 किसान, मांगरोल में 224 किसान, छीपाबड़ौद में 141 किसान, अंता में 126 किसान, अटरु में 106 किसान और किशनगंज ब्लॉक में 75 किसानों को यूनिक आईडी कार्ड दिए गए हैं। केंद्र सरकार की एग्रीस्टैक योजना के अंतर्गत किसानों की डिजिटल प्रोफाइल तैयार की जा रही है। इस प्रोफाइल में भूमि रिकॉर्ड, फसल की जानकारी और वित्तीय गतिविधियों को जोड़ा जाएगा। इससे किसानों को फसल बीमा, पीएम किसान निधि और फसली ऋण जैसी योजनाओं का लाभ बिना किसी अतिरिक्त प्रक्रिया के मिल सकेगा। कलेक्टर रोहिताश्व सिंह तोमर ने किसानों से जल्द से जल्द रजिस्ट्रेशन कराने की अपील की है। उन्होंने बताया कि यह डिजिटल इंडिया मिशन के तहत कृषि क्षेत्र को तकनीक से जोड़ने का महत्वपूर्ण प्रयास है। शिविर 12 फरवरी तक जिले की विभिन्न ग्राम पंचायतों में जारी रहेंगे। जिसमें बारां ब्लॉक की ग्राम पंचायत फूंसरा और बैंगना में पंजीकरण की प्रक्रिया चलती रहेगी।

# धौलपुर में बजरी माफिया ने की पुलिस पर फायरिंग

**-पीछा करने पर पार्वती नदी में ट्रैक्टर-ट्रॉली छोड़कर हुए फरार**




धौलपुर(रॉयल पत्रिका)। सुप्रीम कोर्ट से प्रतिबंधित चंबल बजरी पर कार्रवाई करने गई कौलारी पुलिस पर बजरी से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली पर सवार माफिया ने हमला कर दिया। जानलेवा हमले के दौरान पुलिस ने आधा दर्जन से अधिक गांव में ट्रैक्टर-ट्रॉली का पीछा किया, जिसके बाद आरोपी ट्रैक्टर-ट्रॉली को नदी में छोड़कर फरार हो गए। घटना को लेकर थाने में मामला दर्ज कराया गया है। रिपोर्ट में बताया कि थाने की पुलिस अवैध गतिविधियों की रोकथाम के लिए नाकाबंदी कर रही थी। इसी दौरान चितौरा गांव के पास बजरी से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली आती हुई दिखाई दी, जिसे रोकने का इशारा करने पर ट्रैक्टर-ट्रॉली चला रहे आरोपी ने कॉन्स्टेबल के ऊपर ट्रैक्टर चढ़ाने की कोशिश की। इसके बाद ट्रैक्टर-ट्रॉली लेकर आरोपी एक के बाद एक आधा दर्जन गांवों के चक्कर लगाने लगे, जिसका पीछा कर रही पुलिस पर ट्रैक्टर-ट्रॉली में सवार आरोपी ने अवैध हथियार से फायरिंग की। पुलिस के लगातार पीछा करने के बाद आरोपी बजरी से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली को पार्वती नदी में छोड़कर भागने में कामयाब हो गए। पीछा कर रही पुलिस ने नदी से बड़ी मुश्किल से ट्रैक्टर-ट्रॉली को बाहर निकाल कर जब्त कर लिया है। घटना को लेकर पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की खोज शुरू कर दी है।

# श्रमिकों के अपील निस्तारण हेतु 12-13 फरवरी को विशेष शिविर

हनुमानगढ़,(रॉयल पत्रिका)। हनुमानगढ़ श्रम विभाग (बीओसीडब्ल्यू बोर्ड) द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के आवेदन एवं निस्तारण कार्य ऑनलाइन होते हैं। यदि किसी कारणवश आवेदन निरस्त हो जाता है, तो आवेदक ई-मित्रा के माध्यम से ऑनलाइन अपील दर्ज करा सकते हैं। इन अपील आवेदनों के निस्तारण हेतु आवेदकों को आवश्यक दस्तावेजों सहित कार्यालय में उपस्थित होना अनिवार्य होता है। हनुमानगढ़ जिले में सामान्य अथवा दुर्घटना में मृत्यु या घायल होने की स्थिति में सहायता योजना के लम्बित अपील आवेदनों के समाधान हेतु 12 से 13 फरवरी, 2025 तक जिला श्रम कार्यालय, जिला क्लब के सामने, हनुमानगढ़ जंक्शन में एक विशेष शिविर का आयोजन किया जाएगा। श्रम कल्याण अधिकारी श्री देवेन्द्र मोदी ने जानकारी दी कि वे हिताधिकारी, जिनके अपील आवेदन लंबित हैं, इस शिविर में आवश्यक रूप से उपस्थित होकर अपने मूल दस्तावेज प्रस्तुत करें। यह दस्तावेज प्रस्तुत करने का अंतिम अवसर है। शिविर के बाद इन अपील आवेदनों पर पुनः विचार नहीं किया जाएगा।

# राजस्थान बोर्ड ने किया एग्जाम TIME-TABLE में बदलाव

**-JEE मेंस एग्जाम के कारण लिया निर्णय, करीब 20 लाख स्टूडेन्ट्स होंगे शामिल**




अजमेर(रॉयल पत्रिका)। राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा आयोजित उच्च माध्यमिक परीक्षा के कार्यक्रम में आंशिक बदलाव किया गया है। यह परिवर्तन जेईई मेन्स सेशन 2 परीक्षा की तिथियों के साथ संभावित टकराव को ध्यान में रखते हुए किया गया है, जिससे छात्रों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। बोर्ड सचिव कैलाश चंद्र शर्मा ने बताया कि संशोधित परीक्षा कार्यक्रम बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दिया गया है। संशोधित कार्यक्रम के अनुसार विषय संस्कृत साहित्य एवं संस्कृत वाङ्मय की परीक्षा 22 मार्च के स्थान पर 9 अप्रैल को, समाजशास्त्र की परीक्षा 27 मार्च के स्थान पर 3 अप्रैल को तथा ऋग्वेद , शुक्ल यजुर्वेद , कृष्ण यजुर्वेद, सामवेद ,अथर्ववेद ,न्याय दर्शन, वेदांत दर्शन ,मीमांसा दर्शन ,जैन दर्शन ,निंबार्क दर्शन ,वल्लभ दर्शन ,सामान्य दर्शन, रामानंद दर्शन ,व्याकरण शास्त्र ,साहित्य शास्त्र ,पुराणतिहास धर्मशास्त्र ,ज्योतिष शास्त्र ,सामुद्रिक शास्त्र ,वास्तु विज्ञान की होगी। इसी प्रकार पुरोहित्य शास्त्र की परीक्षा एक अप्रैल के स्थान पर 4 अप्रैल को , इतिहास ,व्यवसाय अध्ययन ,कृषि रसायन विज्ञान एवं रसायन विज्ञान की परीक्षा 3 अप्रैल के स्थान पर 22 मार्च को तथा कंप्यूटर विज्ञान एवं इनफॉर्मेटिक्स प्रैक्टिसेस की परीक्षा 7 अप्रैल के स्थान पर 27 मार्च को आयोजित की जाएगी। सभी विद्यार्थी एवं अभिभावक नवीनतम समय सारणी के अनुसार अपनी तैयारी सुनिश्चित करें।

# स्कूली बच्चों और कर्मचारियों को दी साइबर सुरक्षा की जानकारी

**-OTP शेयरिंग से बचने की दी सलाह, इंटरनेट दिवस पर फैलाई जागरूकता**



बूंदी(रॉयल पत्रिका)। बूंदी में इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय की ओर से सुरक्षित इंटरनेट दिवस के अवसर पर विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। एनआईसी द्वारा केंद्रीय स्कूल और गवर्नमेंट गर्ल्स स्कूल विकासनगर के छात्रों के साथ-साथ जिला और ब्लॉक स्तर के तकनीकी कर्मचारियों को वर्चुअल माध्यम से प्रशिक्षण दिया गया। एनआईसी के जिला सूचना विज्ञान अधिकारी विकास मीणा ने बताया कि वर्तमान डिजिटल युग में बच्चों, महिलाओं और युवाओं के लिए साइबर जागरूकता अत्यंत आवश्यक है। प्रशिक्षण में डिजिटल अरेस्ट, फिशिंग, बैंकिंग फ्रॉड और ब्लैकमेलिंग जैसे साइबर अपराधों से बचाव के तरीके बताए गए। विशेषज्ञों ने अनजान नंबरों से आने वाली वॉट्सऐप कॉल्स और वीडियो कॉल्स को रिसीव न करने की सलाह दी। साथ ही लोभ में आकर ई-मेल या एसएमएस के लिंक पर क्लिक न करने और अनधिकृत ऐप्स को इंस्टॉल न करने की हिदायत दी गई। साइबर सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण जानकारी साझा करते हुए बताया गया कि साइबर अपराध या वित्तीय धोखाधड़ी की स्थिति में तुरंत साइबर क्राइम पोर्टल या हेल्पलाइन नंबर 1930 पर संपर्क करें। इसके अलावा नजदीकी साइबर थाने में भी शिकायत दर्ज कराई जा सकती है। मोबाइल चोरी या गुम होने की स्थिति में संचार सारथि पोर्टल पर जाकर डिवाइस को ब्लॉक किया जा सकता है, जहां स्पैम कॉल और इंटरनेशनल कॉल की रिपोर्टिंग की सुविधा भी उपलब्ध है।

# 199 में कपड़े... फास्ट फैशन की दुनिया हिलाने की तैयारी में मुकेश अंबानी, टाटा-नायका को खतरा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत और एशिया के सबसे बड़े रईस मुकेश अंबानी टेलिकॉम के बाद अब फास्ट फैशन की दुनिया में तहलका मचाने की तैयारी में हैं। उनकी कंपनी रिलायंस रिटेल ने देश में फास्ट फैशन सेक्टर में एक नई जंग छेड़ दी है। उन्होंने चीन के ब्रांड शीन को भारत में दोबारा लॉन्च किया है। इस ब्रांड के कपड़ों की कीमत सिर्फ 199 रुपये की कीमत से शुरू हो रहे हैं। इस ऑनलाइन-फर्स्ट् अप्रोच से अंबानी टाटा ग्रुप की रिटेल कंपनी ट्रेंट के ब्रांड जूडियो और नायका फेशन दोनों को चुनौती दे रहे हैं। भारत का फैशन मार्केट फाइनेंशियल ईयर 2024 में सिर्फ 6 प्रतिशत बढ़ा। लेकिन फास्ट फैशन सेगमेंट में 30-40 प्रतिशत की बढ़ोतरी देखी गई।

फाइनेंशियल ईयर वाय31 तक देश में फास्ट फैशन का बाजार 50 अरब डॉलर तक पहुंच सकता है। बोफा स्क्यूरीटीस के रिसर्च एनालिस्ट सचिन सलगांवकर ने कहा कि ट्रेंडी फैशन, आकर्षक कीमतें और रिलायंस के साथ साझेदारी से शीन बाजार में अपनी पकड़ बनाने के लिए अच्छी स्थिति में है। शीन के लॉन्च और संभावित



लोकप्रियता के कारण रिलायंस के रिटेल रेवेन्यू और ईबीआईटीडीए अनुमानों में बढ़ोतरी की उम्मीद है। साफ है कि शीन की वजह से रिलायंस को काफी फायदा हो सकता है।

### अल्ट्रा-फास्ट फैशन

शीन भारत में एक जाना-पहचाना ब्रांड है। लगभग 5 साल पहले भारत-चीन तनाव के बीच इसे बैन कर दिया गया था। उस समय इसे रोजाना 20,000-50,000 ऑर्डर मिलते थे। एक फरवरी को जबसे रिलायंस रिटेल ने शीन इंडिया फैशन ऐप को दोबारा लॉन्च किया है, तबसे निवेशक इस उद्योग पर पड़ने वाले संभावित प्रभाव का आकलन कर रहे हैं। शीन ने अल्ट्रा-फास्ट फैशन की शुरुआत की है। जहां डेटा एनालिटिक्स और कम लागत वाले उत्पादन का उपयोग करके नए डिजाइन बहुत तेजी से पेश किए जाते हैं।

सलगांवकर ने एक रिपोर्ट में कहा, ऑटोमेशन, एआई और सप्लाई चेन की मदद से, शीन ने अपने उत्पादों को सस्ता और फास्ट बनाया। सप्लायर्स के साथ शीन के मजबूत रिश्ते ने उसे कम समय में कम मात्रा में ऑर्डर देने में भी मदद की है। कोई उत्पाद तभी बड़े पैमाने पर बनता है जब वह प्रोडक्ट व्यूज और खरीददारी के पैटर्न के जरिए वायरल या लोकप्रिय हो जाता है। दुनिया भर में शीन अपने सप्लायर की फैक्ट्रियों का मालिक नहीं है, लेकिन एक पारंपरिक 1पी मॉडल चलाती है। जहां कंपनी आइटम डिजाइन करती है, इन्वेंट्री का स्वामित्व लेती है और लॉजिस्टिक्स को संभालती है।

### व्यापक स्टोर नेटवर्क

उन्होंने तर्क दिया कि वैल्यू फास्ट फैशन बिजनस के किसी भी सार्थक विस्तार के लिए कई वर्षों के सप्लाई चेन निवेश की आवश्यकता होती है। उन्होंने कहा कि किसी भी नए प्रतियोगी का विस्तार धीरे-धीरे होने की संभावना है, ना कि विघटनकारी। विश्लेषक करण तौरानी ने कहा कि अपने ऑनलाइन-फर्स्ट अप्रोच के साथ शीन को चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है। इनमें ई-कॉमर्स में बढ़ती प्रतिस्पर्धा, उत्पाद की गुणवत्ता में ग्राहकों का विश्वास, उच्च ऑर्डर रिटर्न और कम यूनिट इकनॉमिक्स। एक तेज डिजाइन-टू-इन्वेंट्री मॉडल के लिए एक कुशल सप्लाई चेन की आवश्यकता होती है, जिसे स्थापित करने में शीन को लंबा समय लग सकता है। ब्रोकरेज का मानना है कि जुडियो जैसी प्रमुख कंपनियों की तुलना में शीन के लिए कीमतों को नेविगेट करने और यूनिट अर्थशास्त्र को बनाए रखने के मामले में उत्पाद वर्गीकरण का प्रबंधन करना एक मुश्किल काम होगा।

## नथिंग फोन 3ए सीरीज़ भारत में होगी तैयार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** लंदन की टेक कंपनी नथिंग ने ऐलान किया है कि उसकी नई नथिंग फोन 3ए सीरीज़ पूरी तरह भारत में बनाई जा रही है द्य यह घोषणा कंपनी की उस प्रतिबद्धता के अनुरूप हैए जिसमें भारत की समृद्ध मैन्युफैक्चरिंग क्षमताओं का उपयोग करनेए स्थानीय अर्थव्यवस्था में निवेश करने और टेक्नोलॉजी इनोवेशन को बढ़ावा देने का लक्ष्य रखा गया है। नथिंग ने भारत में बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। चेन्नई स्थित इसके कारखाने में 500 से अधिक कर्मचारी कार्यरत हैंए जहां फोन 3ए सीरीज़ का निर्माण किया जा रहा है। इन कर्मचारियों में से 95प्रतिशत महिलाएँ हैं।
चेन्नई सेंटर नथिंग फोन 3ए सीरीज़ की मैन्युफैक्चरिंग के लिए खासा अहमियत रखती हैए जो स्थानीय निर्माण को लेकर ब्रांड की प्रतिबद्धता को दिखाता है। इसके अलावाए जैसे.जैसे नथिंग भारत में अपनी उपस्थिति मज़बूत कर रहा हैए उससे स्थानीय मैनपॉवर भी बढ़ रही है जो कंपनी के मेक इन इंडिया इनिशिएटिव को और भी सशक्त कर रहा है। नथिंग ने यह घोषणा ऐसे महत्वपूर्ण समय में की हैए जब ब्रांड तेजी से भारत में अपनी पकड़ बना चुका है। काउंटरप्वाइंट रिसर्च के मंथली इंडिया स्मार्टफ़ोन ट्रैकर के अनुसार एनथिंग ने 2024 में भारत के स्मार्टफ़ोन बाज़ार में 577 प्रतिशत साल.दर.साल वृद्धि दर्ज कीए जिसका प्रमुख कारण 2ए सीरीज़ और उसकी सब.ब्रांड सी एम एफ बाय नथिंग की बढ़ती मांग रही। इसके अतिरिक्त नथिंग ने हाल ही में अपनी स्थापना के केवल चार वर्षों के भीतर अक्टूबर 2020 के बादए 1 बिलियन की कुल राजस्व सीमा को पार कर लिया है। भारतीय बाज़ार के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को और मज़बूत करते हुएए नथिंग ने अपने आफ्टर सेल्स सर्विस सपोर्ट नेटवर्क का भी विस्तार किया है। अब कंपनी के पास बेंगलुरुए दिल्ली, मुंबई, हैदराबाद और चेन्नई में पांच एक्सक्लूसिव सर्विस सेंटर के साथ ही पांच प्रायोरिटी हेल्प डेस्क और 300 मल्टी.ब्रांड सर्विस सेंटर हैं। इसके अलावाए नथिंग की रिटेल उपस्थिति भी तेजी सेबढ़ रही है और पिछले साल की शुरुआत से इसके 2000 स्टोर्स की संख्या बढ़कर अब 7000 स्टोर्स हो चुकी हैं। जो कि इसकी भारतीय स्मार्टफ़ोन बाज़ार में मजबूत स्थिति को दर्शाता है। नथिंग फोन 3ए सीरीज़ को लंदन में डिज़ाइन और भारत में निर्मित किया जा रहा हैए जो ब्रिटिश डिज़ाइन उत्कृष्टता और भारतीय मैन्युफैक्चरिंग क्षमता का बेहतरीन मेल है।

## हवा में रोमांस घुल रहा है! कलर्स के कलाकारों ने अपने वैलेंटाइन डे प्लान साझा किए

मुंबई। कलर्स के 'राम भवन' में गायत्री की भूमिका निभा रही समीक्षा जायसवाल ने कहा, मेरे करीबी लोगों को इस दिन को मनाते हुए और छोटी-छोटी चीजें करके खुशी फैलाते हुए देखने का अनुभव वाकई लाजवाब है। यह प्यार की ताकत का जश्न मनाने का एक और मौका है। मेरे लिए मेरा परिवार और दोस्त ही सब कुछ हैं। वे हमेशा मेरे लिए मौजूद रहे हैं, चाहे कुछ भी हो, मुझसे प्यार करते हैं।
तो, यह दिन उनके लिए समर्पित है। वे मेरे लिए बहुत मायने रखते हैं, और मैं हर दिन उनसे मिलने वाले प्यार और समर्थन के लिए आभारी हूं। किसी भी कलाकार के लिए उनके सच्चे वैलेंटाइन उनके फैंस होते हैं, और मेरे लिए, वे परिवार बन गए हैं। राम भवन के दर्शकों ने मुझे गायत्री के रूप में अपनाया है, और मैं वास्तव में उनके प्यार के लिए आभारी हूं! मैं सभी को वैलेंटाइन दिवस की बहुत-बहुत शुभकामनाएं देती हूं! कलर्स के 'मंगल लक्ष्मी' में अदित की भूमिका निभा रहे नमन शॉ कहते हैं, मेरा हमेशा से मानना रहा है कि जो लोग हमारे लिए वाकई मायने रखते हैं, उनके साथ समय बिताने की खुशी की तुलना किसी और चीज से नहीं की जा सकती।

# भारत में सोने की तस्करी में बड़ी गिरावट

## सीबीआईसी चेयरमैन बोले- इस साल अब तक 4800 किलो+ सोना जब्त



**नईदिल्ली, एजेंसी।** सरकार की ओर से जुलाई, 2024 में बहुमूल्य धातु पर आयात शुल्क में कटौती के बाद से सोने की तस्करी में उल्लेखनीय कमी आई है। अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) के चेयरमैन संजय कुमार अग्रवाल ने यह बात कही है। हालांकि, उन्होंने जब्त किए गए सोने की मात्रा या मूल्य का खुलासा नहीं किया।अग्रवाल ने कहा, अधिकारी किसी भी मार्ग से मादक पदार्थों की तस्करी को रोकने के लिए अंतरराष्ट्रीय यात्री यातायात, सीमाओं और देश में आने वाले वाणिज्यिक कार्गो पर निगरानी रख रहे हैं। सरकार ने जुलाई, 2024 में सोने पर आयात शुल्क को 15 फीसदी से घटाकर छह फीसदी कर दिया था।

**अफ्रीकी-ताशकंद हवाई अड्डे भी तस्करी के प्रमुख स्थान-** भारत में हवाई मार्ग के माध्यम से सोने की तस्करी एक प्रमुख माध्यम है। पश्चिम एशियाई और दक्षिण पूर्व एशियाई देश पारंपरिक रूप से इसके मुख्य उद्गम स्थल रहे हैं। हाल ही में नैरोबी और अदीस अबाबा जैसे अफ्रीकी हवाई अड्डे के साथ ताशकंद जैसे एयरपोर्ट भी तस्करी के लिए प्रमुख स्थान बनकर उभरे हैं।

### 2023-24 में 4,869 किलोग्राम सोना जब्त

सीमा शुल्क और राजस्व आसूचना निदेशालय (डीआरआई) के अधिकारियों ने चालू वित्त वर्ष के अप्रैल-जून में विभिन्न हवाई अड्डों पर 544 करोड़ रुपये मूल्य का 847 किलोग्राम सोना जब्त किया है। 2023-24 में डीआरआई ने 1,319 किलो सोना जब्त किया था। यह इस अवधि में सीमा शुल्क अधिकारियों सहित सीबीआईसी की ओर से जब्त 4,869.6 किलोग्राम सोने का हिस्सा है।

### भारत अवैध सोना आयात का प्रमुख गंतव्य

दिसंबर में जारी डीआरआई रिपोर्ट के अनुसार, भारत अवैध सोने के आयात का प्रमुख गंतव्य बन गया है। इसमें सोना और चांदी संयुक्त अरब अमीरात और सऊदी अरब जैसे खाड़ी देशों से आते हैं, जहां ये धातुएं कम कीमतों पर उपलब्ध हैं।

### शेयर बाजारः फरवरी के पहले सप्ताह में 7,342 करोड़ की निकासी

विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) का भारतीय शेयर बाजारों से निकासी का सिलसिला जारी है। अमेरिका के टैरिफ लगाने से वैश्विक व्यापार को लेकर जो तनाव बना है, उसके चलते विदेशी निवेशकों ने फरवरी के पहले सप्ताह में घरेलू शेयर बाजारों से 7,300 करोड़ रुपये से अधिक की निकासी की है। इससे पहले जनवरी में एफपीआई ने 78,027 करोड़ की निकासी की थी। डिपॉजिटरी के आंकड़ों के अनुसार, दिसंबर, 2024 में एफपीआई ने भारतीय बाजारों में 15,446 करोड़ रुपये का निवेश किया था।

विशेषज्ञों का मानना है कि आगे बाजार की धारणा वैश्विक वृहद आर्थिक घटनाक्रमों, घरेलू नीतिगत उपायों और मुद्रा के उतार-चढ़ाव से तय होगी।

जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के वीके विजयकुमार ने कहा, डॉलर में मजबूती और अमेरिकी बॉन्ड पर उच्च रिटर्न एफपीआई को बिकवाली के लिए मजबूर कर रहा है।

## राजपूताना इंडस्ट्रीज ने दी बेहतरीन रिपोर्ट; रेवेन्यू में 86 प्रतिशत की वृद्धि और शुद्ध लाभ में 61 प्रतिशत की छलांग

**मुंबई, एजेंसी।** राजपुताना इंडस्ट्रीज लिमिटेड , जो लौह रहित धातु उत्पादों के निर्माण में एक प्रसिद्ध नाम है, ने 9एम एफवाय25 के लिए अपनी अनऑडिटेड वित्तीय परिणामों की घोषणा की है। राजपुताना इंडस्ट्रीज लिमिटेड की चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर श्रीमती शिवानी शेख ने प्रदर्शन पर टिप्पणी करते हुए कहा, हम 9रूएफवाय25 में अपनी मजबूत वित्तीय प्रदर्शन से संतुष्ट हैं, जो 85.52 प्रतिशत वायओवाय राजस्व वृद्धि, बेहतर परिचालन दक्षताओं और हमारे बाजार विस्तार की रणनीतिक योजनाओं द्वारा प्रेरित है। हमारी उत्पादन क्षमता 13,150 एमटी तक बढ़ाने से हमें बढ़ती हुई मांग को पूरा करने की क्षमता और विविध और उच्च गुणवत्ता वाले उत्पाद पोर्टफोलियो को सुनिश्चित करने में मदद मिली है। ईपीएस और लाभप्रदता में लगातार सुधार हमारे स्थिर विकास और मूल्य निर्माण के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। भविष्य में, हम अपनी पुनर्चक्रण क्षमता को बढ़ाने, अपने ग्राहक आधार का विस्तार करने और नए बाजार अवसरों का लाभ उठाने पर ध्यान केंद्रित करेंगे ताकि दीर्घकालिक सफलता प्राप्त की जा सके। हम 9एम एफवाय25 में महत्वपूर्ण राजस्व वृद्धि और लाभप्रदता सुधार के साथ मजबूत वृद्धि को प्रदर्शित करते हुए जारी रखते हैं। कंपनी की रणनीतिक क्षमता विस्तार और विविधीकरण प्रयास इसे गैर-लौह धातु पुनर्चक्रण क्षेत्र में स्थायी बाजार नेतृत्व के लिए अच्छी स्थिति में रखती है।

# सैमसंग गैलेक्सी एस25 सीरीज़ ने मचाया तहलका, रिकॉर्ड प्री-ऑर्डर के साथ ग्राहकों में जबरदस्त उत्साह!

**ग्राहक गैलेक्सी एस25 सीरीज को सीधे स्टोर्स से खरीद सकते हैं।**

**सैमसंग को इस सीरीज के लिए अब तक 4,30,000 से ज्यादा प्री-ऑर्डर मिले हैं, जो पिछले साल की तुलना में 20त ज्यादा है।**

**गुरुग्राम, एजेंसी।** भारत की सबसे बड़ी इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनी सैमसंग ने घोषणा की है कि उसकी नई फ्लैगशिप गैलेक्सी एस25 सीरीज़ को भारतीय उपभोक्ताओं से जबरदस्त समर्थन मिला है। इस सीरीज़ के लिए अब तक 4,30,000 से अधिक प्री-ऑर्डर मिल चुके हैं, जो पिछले साल की गैलेक्सी एस24 सीरीज़ की तुलना में 20त्र अधिक हैं। यह बढ़ती मांग सैमसंग के प्रति उपभोक्ताओं के विश्वास और एडवांस टेक्नोलॉजी के प्रति उनकी रुचि को दर्शाती है।

सैमसंग इंडिया के एमएक्स डिवीजन के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट राजू पुलन ने कहा कि गैलेक्सी एस25 अल्ट्रा, गैलेक्सी एस25+ और गैलेक्सी एस25 स्मार्टफोन ने स्मार्टफोन अनुभव को नई ऊंचाइयों पर पहुंचा दिया है। गैलेक्सी एआई के साथ ये डिवाइस पहले से कहीं अधिक



नैचुरल और कॉन्टेक्स्ट-अवेयर मोबाइल अनुभव प्रदान करते हैं। उन्होंने बताया कि युवा तकनीक-प्रेमी उपभोक्ताओं के बीच इस सीरीज़ की जबरदस्त मांग देखी गई है, खासकर वे उपभोक्ता जो एआई टेक्नोलॉजी का उपयोग करना पसंद करते हैं। इस साल सैमसंग ने अपने फ्लैगशिप डिस्ट्रीब्यूशन नेटवर्क को बढ़ाकर 17,000 आउटलेट तक पहुंचाया है, जिससे छोटे शहरों में भी ग्राहकों की जरूरतें पूरी की जा सकेंगी।

गैलेक्सी एस25 सीरीज़ की सफलता इस बात को साबित करती है कि उपभोक्ता ऐसे एआई समाधानों को तेजी से अपना रहे हैं, जो उनके रोजमर्रा के जीवन को आसान बनाते हैं। खासतौर पर भारतीय उपभोक्ताओं के लिए, गैलेक्सी एस25 सीरीज़ में गूगल का जेमिनी लाइव पहले से ही हिंदी में उपलब्ध होगा। यह इस बात का संकेत है कि भारत सैमसंग के लिए एक बेहद महत्वपूर्ण बाजार है।

# गुवाहाटी में टाटा मोट्र्स की नई वाहन स्क्रैपिंग फैसिलिटी - पर्यावरण संरक्षण की ओर बड़ा कदम!

**हर साल 15,000 पुराने वाहनों का होगा पर्यावरण अनुकूल तरीके से निपटान - टाटा मोटर्स की विश्व स्तरीय स्क्रैपिंग सुविधा!**

**गुवाहाटी, एजेंसी।** भारत में वाणिज्यिक वाहनों के निर्माण में अग्रणी टाटा मोटर्स ने आज गुवाहाटी में अपनी नई वाहन स्क्रैपिंग सुविधा की शुरुआत की। इस अत्याधुनिक सुविधा को री.वी.री. रिसाइकिल रिस्पेक्ट नाम दिया गया है, जो पर्यावरण के अनुकूल और सुरक्षित स्क्रैपिंग प्रक्रियाओं को अपनाती है। यह केंद्र हर साल 15,000 से अधिक पुराने और अनुपयोगी वाहनों को सही तरीके से अलग करने और पुनर्नवीनीकरण करने की क्षमता रखता है। इस सुविधा का संचालन टाटा मोटर्स की सहयोगी कंपनी एक्जोम प्लेटिनम स्क्रैपर्स द्वारा किया जाएगा। यहाँ सभी ब्रांडों के यात्री और वाणिज्यिक वाहनों को ज़िम्मेदारी से स्क्रैप किया जा सकता है। यह टाटा मोटर्स की देश में ऐसी सातवीं सुविधा है, इससे पहले जयपुर, भुवनेश्वर, सूरत, चंडीगढ़, दिल्ली-एनसीआर और पुणे में भी ऐसी सुविधाएं स्थापित की जा चुकी हैं।




इस फैसिलिटी का उद्घाटन असम सरकार के मंत्री श्री जोगेन मोहन (पहाड़ी क्षेत्र विकास, परिवहन, सहयोग, स्वदेशी और जनजातीय आस्था एवं संस्कृति मंत्री) और श्री अशोक सिंघल (स्वास्थ्य, परिवार कल्याण एवं सिंचाई मंत्री) ने किया। इस मौके पर टाटा मोटर्स के कार्यकारी निदेशक श्री गिरीश वाघ और एक्जोम ऑटोमोबाइल्स के निदेशक डॉ. संजीव नारायण भी उपस्थित थे। उनके साथ असम सरकार, टाटा मोटर्स और एक्जोम ऑटोमोबाइल्स के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी इस आयोजन का हिस्सा बने।

उद्घाटन समारोह के दौरान पहाड़ी क्षेत्र विकास, परिवहन, सहयोग, स्वदेशी और जनजातीय आस्था एवं संस्कृति मंत्री श्री जोगेन मोहन ने इस आधुनिक वाहन रिसाइक्लिंग सुविधा को राज्य और समुदायों के लिए एक महत्वपूर्ण पहल बताया। उन्होंने कहा कि इस फैसिलिटी से लोगों को नए रोजगार के अवसर मिलेंगे और आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलेगा। इसके साथ ही, पुराने और अनुपयोगी वाहनों को सुरक्षित तरीके से स्क्रैप किया जा सकेगा, जिससे कार्बन उत्सर्जन में कमी आएगी और पर्यावरण को शुद्ध बनाने में मदद मिलेगी। उन्होंने असम में ऐसी स्मार्ट सुविधाओं की शुरुआत के लिए टाटा मोटर्स का आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर स्वास्थ्य, परिवार कल्याण एवं सिंचाई मंत्री श्री अशोक सिंघल ने भी अपने विचार साझा किए।

## खज़ांची ज्वैलर्स लिमिटेड ने गोल्ड सेविंग स्कीम ऐप के साथ डिजिटल उपस्थिति का विस्तार किया

**मुंबई, एजेंसी।** खज़ांची ज्वेलर्स लिमिटेड (बीएसईः543953), जो कि सोने, हीरे, कीमती रत्नों और बुलियन आइटम्स में विशेषज्ञता रखने वाली भारत की प्रमुख ज्वेलरी कंपनियों में से एक है, ने अपने गोल्ड सेविंग स्कीम ऐप का शुभारंभ किया है। यह ऐप ग्राहकों के लिए एक सहज और सुरक्षित डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म प्रदान करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। ऐप का उद्देश्य सुविधा को बढ़ाना और ग्राहक संलग्नता में सुधार करना है, और इसमें आधुनिक उपभोक्ता की जरूरतों को पूरा करने के लिए कई सुविधाएँ उपलब्ध हैं। ग्राहक अब ऐप के माध्यम से दैनिक सोने और चांदी की दरों को ट्रैक कर सकते हैं, गोल्ड सेविंग स्कीम्स के लिए सबसे कम दरों पर भुगतान कर सकते हैं, नवीनतम ज्वेलरी कलेक्शंस और एक्सक्लूसिव इन-स्टोर ऑफ़र्स को देख सकते हैं, और यह सब अपने मोबाइल डिवाइस से आराम से कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त, ऐप त्वरित प्रश्न समाधान की सुविधा भी प्रदान करता है, जिससे उपयोगकर्ता कंपनी के कर्मचारियों से सीधे संपर्क कर सकते हैं, जिससे एक अधिक व्यक्तिगत और प्रभावी सेवा अनुभव प्राप्त होता है।

खजांची ज्वैलर्स लिमिटेड के ज्वाइंट डायरेक्टर राजेश कुमार ने प्रदर्शन पर टिप्पणी करते हुए कहा, हम गोल्ड सेविंग स्कीम ऐप को पेश करते हुए बेहद उत्साहित हैं, जो हमारे यात्रा में एक महत्वपूर्ण कदम है, ताकि हम अपने सम्मानित ग्राहकों के लिए एक सहज और सुरक्षित डिजिटल अनुभव प्रदान कर सकें। यह ऐप ग्राहकों को दैनिक सोने और चांदी की दरों को आसानी से ट्रैक करने, सबसे प्रतिस्पर्धी दरों पर भुगतान करने और हमारे नवीनतम संग्रह को उनके घरों की सुविधा से एक्सप्लोर करने की सुविधा देने के लिए डिज़ाइन किया गया है।

ग्राहक संतुष्टि हमेशा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता रही है, और यह पहल हमारे आधुनिक उपभोक्ताओं की बदलती ज़रूरतों के प्रति हमारे समर्पण को दर्शाती है। भुगतान और ग्राहक इंटरएक्शन को डिजिटाइज़ करके, यह ऐप न केवल पहुंच को बेहतर बनाता है, बल्कि हमारे लिए एक व्यापक दर्शक वर्ग से जुड़ने की क्षमता को भी मजबूत करता है। हमें विश्वास है कि यह प्लेटफ़ॉर्म हमारे सोने बचत योजनाओं में अधिक भागीदारी को बढ़ावा देगा और हमारी गुणवत्ता और विश्वास की धरोहर को बनाए रखते हुए हमारी निरंतर वृद्धि में योगदान करेगा।



## मलाइका अरोड़ा ने मनीष मल्होत्रा के

# दुबई शो के शानदार पल किए शेयर

मलाइका अरोड़ा ने हाल ही में सोशल मीडिया पर दुबई में आयोजित मनीष मल्होत्रा के फैशन शो की एक झलक साझा की। अपनी शानदार शैली और ग्रेस के लिए जानी जाने वाली, अभिनेत्री ने ग्लैमरस इवेंट से कुछ पलों को साझा किया, जिससे प्रशंसकों को बैकस्टेज की तैयारी और उत्साह की झलक मिली। दिवा ने कुछ तस्वीरें पोस्ट कीं, इसमें से एक में वह अपने बालों को संवारते हुए एक शानदार लाल पोशाक में बैठी हुई दिखाई दे रही हैं। दूसरे में मलाइका कैमरे की ओर पीठ करके पोज देती हैं। फैशनिस्टा एक शानदार नेकलाइन के साथ फुल-लेंथ रेड बैकलेस गाउन में ग्लैमरस लग रही थीं। मलाइका ने गाउन के साथ क्लासिक गोल्डन ओपन-टो हील्स पहनी थी और एक्सेसरीज को कम से कम रखा था। अपने मेकअप के लिए, उन्होंने ब्रोंज्ड ग्लो अपनाया, सन-किस्ड लुक पाने के लिए कॉन्टूर और ब्रॉन्जर के साथ एक फ्लॉलेस बेस चुना। उनके बालों को सॉफ्ट वेव्स में स्टाइल किया गया था, जो एक ठाठ फिनिश के लिए एक कंधे पर सुरुचिपूर्ण ढंग से झरते थे। एक अन्य तस्वीर में छैया छैया गर्ल पूल के किनारे आराम करती नजर आ रही हैं। तस्वीरें शेयर करते हुए अरोड़ा ने कैप्शन में लिखा, हबीबी दुबई.... उन्होंने रैंप से मनीष मल्होत्रा की एक तस्वीर भी पोस्ट की। मनीष ने दुबई फैशन वीक 2025 में अपने बहुप्रतीक्षित नवीनतम संग्रह का प्रदर्शन किया। डिजाइनर ने एक अविस्मरणीय शो के साथ सप्ताह का समापन किया, जिसमें शीर्ष मॉडल एड्रियाना लीमा और वैलेरी कॉफमैन ने उनके शानदार क्रिएशन में रनवे पर कदम रखा। डिज़ाइनर का उत्साहवर्धन करने के लिए मलाइका अरोड़ा, रवीना टंडन की बेटी राशा थडानी, संजय दत्त और करण जौहर जैसी हस्तियां शामिल हुईं।

## सूरज बड़जात्या की डेब्यू सीरीज बड़ा नाम करेंगे पर सलमान खान का रिएक्शन



राजश्री प्रोडक्शंस ने दर्शकों को परिवार के साथ फिल्में देखना सिखाया। बिल्कुल, सहज और सरल होकर। उनकी फिल्मों में भी ये मूल्य और संस्कार दिखे। 'मैंने प्यार किया', 'हम आपके हैं कौन..!', 'हम साथ साथ हैं', और 'विवाह' जैसी फिल्में देने वाला यह प्रोडक्शन हाउस ओटीटी पर आया है। और...परिवार व संस्कारों वाली अपनी खासियत को सहेजते हुए ओटीटी की दुनिया में कदम रखा है। सीरीज का नाम है बड़ा नाम करेंगे। इस पर सलमान खान ने रिएक्शन दिया है। सूरज बड़जात्या

न` दिया। सलमान को प्रेम नाम सलमान खान को इंडस्ट्री में प्रेम नाम से जाना जाता है। यह नाम उन्हें सूरज बड़जात्या ने दिया। उन्होंने अपनी फिल्मों में सलमान खान को इसी नाम से पेश किया। सलमान खान ने सूरज बड़जात्या के साथ 'मैंने प्यार किया' से लेकर 'हम आपके हैं कौन..!', 'हम साथ साथ हैं' और 'प्रेम रतन धन पायो' जैसी फिल्मों में काम किया है। सूरज बड़जात्या की पहली ओटीटी सीरीज जब आई है तो सलमान खान ने इसे बेहद खास बताया है।



## सान्या मल्होत्रा की मिसेस ने मचाई हलचल, 9 ट्विटर प्रतिक्रियाएं जो इस सोशल ड्रामा का मूड सेट करती हैं

**सान्या** मल्होत्रा की बहुप्रतीक्षित फिल्म मिसेस को दर्शकों और आलोचकों से अपार प्यार मिल रहा है। यह फिल्म, जो एक मजबूत सामाजिक कहानी को उजागर करती है, सान्या को न्यूयॉर्क इंडियन फिल्म फेस्टिवल में बेस्ट एक्ट्रेस का पुरस्कार दिलवा चुकी है और मेलबर्न इंडियन फिल्म फेस्टिवल और IFFI गोवा में रिलीज से पहले स्टैंडिंग ओवेशन प्राप्त कर चुकी है। अपनी प्रभावशाली कहानी और सान्या की करियर-परिभाषित परफॉर्मेंस के साथ, मिसेस ने रिलीज के बाद सोशल मीडिया पर चर्चाओं का सिलसिला शुरू कर दिया है। प्रशंसा की जा रही है कि उन्होंने रिचा के किरदार को गहराई और प्रामाणिकता के साथ बखूबी निभाया है। मिसेस देखने से पहले, ये 9 ट्विटर प्रतिक्रियाएं पढ़ें, जो यह बताती हैं कि क्यों यह फिल्म देखना अनिवार्य है! एक ट्वीट ने सराहते हुए लिखा, सान्या मल्होत्रा मिसेस के हर फ्रेम में राज करती हैं, और एक करियर-परिभाषित परफॉर्मेंस देती हैं! वह रिचा को गहराई और विश्वास के साथ व्यक्त करती हैं, यह साबित करते हुए कि वह शक्तिशाली भूमिकाओं के लिए एकदम सही लीड हैं। एक अन्य ट्वीट में कहा, मिसेज एक प्यारी फिल्म है। सान्या ने खूबसूरत परफॉर्मेंस दी है। वह रिचा के सफर का पूरा मालिकाना हक लेती हैं, एक गहरे और अविस्मरणीय अभिनय को प्रदर्शित करती हैं। सान्या मल्होत्रा को ऐसी भूमिकाएं और करनी चाहिए। एक पोस्ट में लिखा था, कुछ भूमिकाएं करियर को परिभाषित करती हैं, और सान्या मल्होत्रा के लिए मिसेज वह पल है। एक शक्तिशाली लीड एक ऐसी कहानी में जो मायने रखती है! एक ट्वीट में दावा किया गया, मिसेज सान्या मल्होत्रा की अद्वितीय अभिनय क्षमता का एक और प्रमाण है। वह स्क्रीन पर पूरी तरह से राज करती हैं, एक ऐसी भूमिका के साथ जो इतनी गहराई से जुड़ी हुई है, कि यह वास्तविक महसूस होती है। उनकी अब तक की सबसे मजबूत परफॉर्मेंस में से एक! एक समीक्षा में कहा गया, शक्ति, गहराई, और प्योर मैजिक –सान्या मल्होत्रा मिसेज को बिना किसी कठिनाई के शानदार तरीके से लेकर चलती हैं। एक सच्ची लीडिंग पॉवर!

## आरुषि निशंक के साथ हुई चार करोड़ रुपये की ठगी

आरुषि निशंक ने आरोप लगाया कि एक निर्माता जोड़ी मानसी और वरुण बागला ने अभिनेता विक्रांत मैसी और शनाया कपूर अभिनीत फिल्म आंखों की गुस्ताखियां में काम देने के नाम पर उन्हें धोखा दिया।

अभिनेत्री और फिल्म निर्माता आरुषि निशंक ने मुंबई के दो निर्माताओं पर चार करोड़ रुपये की ठगी करने का आरोप लगाया है। पूर्व केंद्रीय मंत्री रमेश पोखरियाल निशंक की बेटी आरुषि ने निर्माता दंपति मानसी और वरुण बागला के खिलाफ धोखाधड़ी और मानसिक उत्पीड़न का मामला दर्ज कराया है।



**विक्रांत मैसी के साथ दिया फिल्म का ऑफर**

अभिनेत्री ने आरोप लगाया कि दोनों निर्माताओं ने अभिनेता विक्रांत मैसी और शनाया कपूर अभिनीत फिल्म आंखों की गुस्ताखियां में निवेश करने के नाम पर उन्हें धोखा दिया। उन्होंने पुलिस को बताया कि निर्माता उनके घर आए और उन्हें आंखों की गुस्ताखियां में महत्वपूर्ण भूमिका की पेशकश की।

**फिल्म के मुनाफे में भी हिस्सा देने का किया है वादा**

मुंबई के निर्माताओं ने कथित तौर पर अभिनेत्री को पांच करोड़ रुपये निवेश करने के लिए राजी किया, न केवल फिल्म में एक महत्वपूर्ण भूमिका का वादा किया, बल्कि फिल्म के मुनाफे का 20 प्रतिशत हिस्सा भी देने का वादा किया, जो कि अनुमानित 15 करोड़ रुपये से अधिक है। उन्होंने अभिनेत्री को आश्वासन दिया कि अगर वह भूमिका से असंतुष्ट हैं तो उनका निवेश 15 प्रतिशत ब्याज के साथ वापस कर दिया जाएगा।

**ऐसे ठगे गए चार करोड़ रुपये**

इसके बाद 9 अक्तूबर 2024 को एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। अगले दिन, निर्माताओं ने अभिनेत्री से दो करोड़ रुपये लिए। अगले कुछ हफ्तों में उन्होंने कथित तौर पर उन पर ज्यादा पैसे देने का दबाव बनाया, 27 अक्तूबर, 30 अक्तूबर और 19 नवंबर 2024 को कुल चार करोड़ रुपये लिए।



## श्रद्धा कपूर ने दी सलाह, एंगल बदलो, रंग नहीं

बॉलीवुड अभिनेत्री श्रद्धा कपूर ने सोशल मीडिया पर लोगों को छोटी और प्यारी सी सलाह दी है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर दिलचस्प तस्वीर और पोस्ट को शेयर किया है। श्रद्धा ने इंस्टाग्राम पर अपनी दो तस्वीरें पोस्ट की।

इन तस्वीरों में से एक सेल्फी के रूप में है, जबकि दूसरी तस्वीर में वह अपने पालतू डॉग्स के साथ मस्ती करती कैमरे में कैद हुईं। तस्वीरों को इंस्टाग्राम पर शेयर करते हुए उन्होंने कैप्शन में लिखा, एंगल बदलो, रंग नहीं। पिछले महीने श्रद्धा कपूर ने एक पोस्ट शेयर करते हुए प्रशंसकों को वेलेंटाइन डे गिफ्ट के लिए एक बेहतरीन आइडिया सुझाया था। उन्होंने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर एक वीडियो पोस्ट करते हुए बताया था, हर कोई वेलेंटाइन डे पर कुछ खास करना चाहता है, हम दीपावली, रक्षा बंधन, यहां तक कि बोर्ड के नतीजों के बाद भी तोहफे देते हैं। वेलेंटाइन डे पर हम एक अच्छा सा ब्रेसलेट क्यों नहीं दे सकते? श्रद्धा ने आगे लिखा, आप कोई भी ऐसी चीज तोहफे में दे सकते हैं, जिसका इस्तेमाल रोजाना किया जा सके। बस कुछ भी उपहार दें। मैं आपसे कुछ खरीदने के लिए अपना घर गिरवी रखने के लिए नहीं कह रही हूं। श्रद्धा कपूर ने अपने इंस्टा पोस्ट को कैप्शन दिया था, वेलेंटाइन पर तोहफे दो दिल से। इससे पहले श्रद्धा कपूर ने एक पोस्ट में बताया था कि वह इंस्टाग्राम ज्यादा क्यों नहीं इस्तेमाल करती हैं। उन्होंने अपने इंस्टाग्राम के स्टोरीज सेक्शन में अपनी एक तस्वीर पोस्ट की, जिसमें वह पढ़ रही हैं। वहीं, अभिनेत्री श्रद्धा कपूर को आईफा में सर्वश्रेष्ठ मुख्य भूमिका (महिला) पुरस्कार के लिए नॉमिनेट किया गया है। अभिनेत्री को आलिया भट्ट, कैटरीना कैफ, यामी गौतम, नितांशी गोयल जैसे नामों के साथ नॉमिनेट किया गया है।

## इसलिए पब्लिक ट्रांसपोर्ट का प्रयोग करते हैं जुनैद खान, बोले- मुझे प्रैक्टिकल लाइफ पसंद है

बॉलीवुड अभिनेता आमिर खान के बेटे जुनैद खान अक्सर पब्लिक ट्रांसपोर्ट का प्रयोग करते हैं। एक बार शूटिंग से लौटते समय वे लोकल ट्रेन से भी यात्रा करके आए थे। इस किस्से के बारे में उन्होंने बताया है। बी-टाउन अभिनेता आमिर खान के बेटे जुनैद खान अपनी फिल्म लवयापा को लेकर चर्चा में हैं। जुनैद खान के साथ लवयापा में खुशी कपूर भी नजर आने वाली हैं। जुनैद भले ही सुपरस्टार के बेटे हैं लेकिन वे कभी भी अपनी लग्जरी को लेकर चर्चा में नहीं रहते हैं। वे अक्सर पब्लिक ट्रांसपोर्ट से ही यात्रा करते हैं। जुनैद खान ने बताया कि वे ज्यादातर पब्लिक ट्रांसपोर्ट से यात्रा करते हैं। साथ ही इसका एक वाजिब कारण भी है। उन्होंने कहा कि वे प्रैक्टिकल लाइफ पसंद करते हैं। गाड़ियां मुंबई के ट्रैफिक में फंस जाती हैं। ऑटो से कही भी आसानी से जाया जा सकता है। वहीं, जुनैद ने लोकल ट्रेन से भी यात्रा की है। उन्होंने बताया कि लेकिन क्या आप जानते हैं कि आमिर खान के बेटे ने भी लवयापा की शूटिंग खत्म करने के बाद ट्रेन से घर वापसी की थी?



# मेरे बेटे तुम पर गर्व है... तंडेल में नागा चैतन्य का अभिनय देख भावुक हुए नागार्जुन

**तंडेल** फिल्म के लिए नागा चैतन्य के पिता और सुपरस्टार नागार्जुन ने अपने बेटे पर बहुत गर्व महसूस किया, जिसके लिए उन्होंने भावुक नोट भी सोशल मीडिया पर साझा किया।

नागा चैतन्य और साई पल्लवी अभिनीत बहुप्रतीक्षित तेलुगु फिल्म तंडेल आखिरकार 7 फरवरी को बड़े पर्दे पर आ गई, दर्शकों का प्यार भी मिला। चंदू मोंडेती द्वारा लिखित और निर्देशित और देवी श्री प्रसाद द्वारा एक भावपूर्ण साउंडट्रैक के साथ फिल्म ने पहले ही अपनी भावनात्मक रूप से भरी कहानी और मनोरंजक प्रदर्शनों से दर्शकों का दिल जीत लिया है।



**नागार्जुन को बेटे चैतन्य पर हुआ गर्व:** फिल्म को मिल रही सकारात्मक प्रतिक्रिया के बीच अब नागा चैतन्य के पिता और सुपरस्टार नागार्जुन ने अपने बेटे पर बहुत गर्व महसूस किया और अपनी भावनाओं को सोशल मीडिया पर व्यक्त किया। एक्स पर एक भावपूर्ण नोट साझा करते हुए नागार्जुन ने तंडेल के आधिकारिक पोस्टर के साथ नागा चैतन्य को गले लगाते हुए अपनी एक मार्मिक तस्वीर पोस्ट की। हालांकि, उनके पोस्ट ने फैंस को भी भावुक कर दिया।

**नागार्जुन का पोस्ट:** पोस्ट साझा करते हुए नागार्जुन ने लिखा, प्रिय नागा चैतन्य, मुझे तुम पर गर्व है बेटा। मैंने तुम्हें सीमाओं को लांघते, चुनौतियों का सामना करते और इस कला को अपना दिल देते देखा है। तंडेल सिर्फ एक और फिल्म नहीं है - यह तुम्हारे अथक जुनून, बड़े सपने देखने की हिम्मत और तुम्हारी कड़ी मेहनत का सबूत है।

रीढ़ की हड्डी हुई चोटिल तो ऐसे उबरीं रकुल, पानी में प्रैक्टिस किए डांस स्टेप्स

अभिनेत्री रकुल प्रीत सिंह ने अपनी रीढ़ की हड्डी चोटिल होने और उससे उबरने के अपने अनुभवों को साझा किया। उन्होंने बताया कि अपनी आगामी फिल्म के डांस स्टेप्स उन्होंने पानी में प्रैक्टिस किए थे।

बॉलीवुड अभिनेत्री रकुल प्रीत सिंह साल 2024 में अपने वर्कआउट सेशन के दौरान चोटिल हो गई थीं। अभिनेत्री 80 किलों का डेडलिफ्ट कर रही थीं, इस दौरान उनकी रीढ़ की हड्डी में चोट लग गई। डॉक्टर ने उन्हें दो महीने का ब्रेक लेने की सलाह दी। अभिनेत्री ने हाल ही में साझा किया कि दो महीने बाद वह शूट के लिए तैयार हो गईं, लेकिन इस चोट ने उन्हें भावनात्मक रूप से पीछे धकेल दिया था। उन्होंने यह भी बताया कि किस तर कड़ी मेहनत करते हुए उन्होंने खुद को इसके लिए तैयार किया।

## रीढ़ की हड्डी हुई चोटिल तो ऐसे उबरीं रकुल



अभिनेत्री रकुल प्रीत सिंह ने अपनी रीढ़ की हड्डी चोटिल होने और उससे उबरने के अपने अनुभवों को साझा किया। उन्होंने बताया कि अपनी आगामी फिल्म के डांस स्टेप्स उन्होंने पानी में प्रैक्टिस किए थे।

बॉलीवुड अभिनेत्री रकुल प्रीत सिंह साल 2024 में अपने वर्कआउट सेशन के दौरान चोटिल हो गई थीं। अभिनेत्री 80 किलों का डेडलिफ्ट कर रही थीं, इस दौरान उनकी रीढ़ की हड्डी में चोट लग गई। डॉक्टर ने उन्हें दो महीने का ब्रेक लेने की सलाह दी। अभिनेत्री ने हाल ही में साझा किया कि दो महीने बाद वह शूट के लिए तैयार हो गईं, लेकिन इस चोट ने उन्हें भावनात्मक रूप से पीछे धकेल दिया था। उन्होंने यह भी बताया कि किस तर कड़ी मेहनत करते हुए उन्होंने खुद को इसके लिए तैयार किया।

### 'गोरी है कलाइयां' के लिए कर रही थीं तैयारी

अभिनेत्री ने बताया कि उनकी रिकवरी जर्नी उनकी आने वाली फिल्म 'मेरे हसबैंड की बीवी' के गाने 'गोरी है कलाइयां' पर केंद्रित थी, क्योंकि उन्हें पता था कि फिल्म की रिलीज नजदीक आ रही है। उन्होंने बातचीत में बताया, पहले हफ्ते में ही, मैंने हार मान ली और मैंने कहा, ठीक है। यह एक सबक है और यह मेरे लिए एक सीख है। मैं फौलादी रीढ़ बनाऊंगी और यह 2025 के लिए मेरा संकल्प है।

साभार एजेंसी

नेशनल गेम्स:

## ज्योति याराजी और तेजस ने बाधा दौड़ स्पर्धा में लगातार तीसरा स्वर्ण पदक जीता



**देहरादून, एजेंसी।** गत एशियाई चैंपियन और 2023 में हुए हांगझोउ एशियाई खेलों की रजत पदक विजेता 25 साल की याराजी ने फाइनल में 13.10 सेकेंड के समय के साथ 13.22 सेकेंड के अपने पिछले राष्ट्रीय खेलों के रिकॉर्ड में सुधार किया जो उन्होंने 2023 में बनाया था।


स्टार महिला धावक आंध्र प्रदेश की ज्योति याराजी और तेजस शिरसे ने देहरादून में जारी राष्ट्रीय खेलों की एथलेटिक्स प्रतियोगिता के दूसरे दिन खेलों के रिकॉर्ड समय के साथ क्रमशः महिला 100 मीटर बाधा दौड़ और पुरुष 110 मीटर बाधा दौड़ में लगातार तीसरे स्वर्ण पदक जीते। अपने स्पर्धाओं में राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक शिरसे और याराजी ने इससे पहले गुजरात और गोवा में हुए पिछले दो राष्ट्रीय खेलों में भी स्वर्ण पदक जीते थे।

गत एशियाई चैंपियन और 2023 में हुए हांगझोउ एशियाई खेलों की रजत पदक विजेता 25 साल की याराजी ने फाइनल में 13.10 सेकेंड के समय के साथ 13.22 सेकेंड के अपने पिछले राष्ट्रीय खेलों के रिकॉर्ड में सुधार किया जो उन्होंने 2023 में बनाया था। याराजी का राष्ट्रीय रिकॉर्ड 12.78 सेकेंड है। पश्चिम बंगाल की मौमिता मंडल ने 13.36 सेकेंड के साथ रजत पदक अपने नाम किया, जबकि तमिलनाडु की नित्या रामराज ने 13.60 सेकेंड के समय के साथ कांस्य पदक जीता।

22 साल के शिरसे ने 13.65 सेकेंड के समय के साथ 13.71 सेकेंड के अपने राष्ट्रीय खेलों के पिछले रिकॉर्ड में सुधार करते हुए स्वर्ण पदक जीता। उनका राष्ट्रीय रिकॉर्ड 13.41 सेकेंड का है जो उन्होंने पिछले साल बनाया था। तमिलनाडु के मानव राजनारायणन ने 14.03 सेकेंड के साथ रजत जबकि केरल के मुहम्मद लज़ान ने 14.23 सेकेंड के समय के साथ कांस्य पदक जीता।

टेनिस:

## सानिया मिर्जा को आदर्श मानती हैं माया



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय टेनिस में बीते कुछ दिनों से एक नाम लगातार सुर्खियों में है। नाम है माया रामेश्वरन। 15 साल की इस खिलाड़ी ने अपने खेल से सनसनी मचाई है। अपनी आदर्श सानिया मिर्जा की तरह अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपना नाम बनाने का सपना देखने वाली माया के सफर की शुरुआत शानदार रही है।

**मुंबई ओपन में रचा इतिहास**

माया ने मुंबई ओपन 125 के सेमीफाइनल में जगह बनाई। माया राजेश्वरन का स्वप्निल सफर शनिवार को जिल टीचमैन के खिलाफ सीधे सेटों में हार के साथ समाप्त हो गया। राजेश्वरन का टूर्नामेंट में सफर प्रेरणादायक रहा है। उन्होंने इटली की वर्ल्ड नंबर 264 निकोल फोसा ह्यूर्गो को तीन सेट के चुनौतीपूर्ण मैच (6-3, 3-6, 6-0) में हराया। इसके बाद उन्होंने संयुक्त राज्य अमेरिका की वर्ल्ड नंबर 434 जेसिका फेला को 7-6(9), 1-6, 6-4 के स्कोर से हराया। इस टूर्नामेंट में वाइल्ड कार्ड एंट्री मिली थी। इस टूर्नामेंट में उन्होंने इस प्रदर्शन के साथ ही उन्होंने डब्ल्यूटीए पॉइंट हासिल किया है। वह ऐसा करने वाली भारत की सबसे युवा महिला खिलाड़ी हैं। यह उनके करियर का महज पांचवां ही टूर्नामेंट है।

**कैसे शुरू हुआ टेनिस का सफर**

माया का जन्म 12 जून 2009 को तमिलनाडु के कोइंबाटूर में हुआ। स्कूल में ही आठ साल की उम्र में ही उन्हें पहली बार टेनिस को जानने का मौका मिला। वह स्कूल के बाद एक्टीविटी के तौर पर टेनिस खेलने लगी। इसके बाद उन्होने भारत के पूर्व नंबर वन खिलाड़ी केजी रमेश के साथ टेनिस ट्रेनिंग शुरू की और फिर प्रो सर्व टेनिस अकेडमी में मनोज कुमार के साथ टेनिस सीखा।

माया भारत की दिग्गज खिलाड़ी सानिया मिर्जा और बेलारुस की आर्यना सबलेंका को अपना आदर्श मानती है। उनका खेलने का स्टाइल भी वैसा ही है। वह बेसलाइन पर दबदबा दिखाती हैं और साथ ही नेट पर ही बड़े आत्मविश्वास के साथ खेलती हैं।

माया इस समय स्पेन में हैं। अपने प्रदर्शन के दम पर ही उन्होंने राफेल नाडेल अकेडमी के साथ एक साल का करार हासिल किया। इस अकेडमी में उन्हें राफेल नडाल के ट्रेनिंग सेशन को करीब से देखने का मौका मिला। अब वह अपनी प्रतिभा को निखार कर सानिया मिर्जा की तरह देश का नाम रोशन करने का सपना देख रही है।

# मैथ्यू ब्रीत्ज़के ने अपने पहले ही मैच में रचा इतिहास




**नई दिल्ली, एजेंसी।** पाकिस्तान में खेली जा रही ट्राई सीरीज का दूसरा मैच न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका के बीच गद्दाफी स्टेडियम में खेला गया. इस भिड़ंत में न्यूजीलैंड ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी चुनी थी और जब अफ्रीकी टीम पहले बैटिंग करने आई तो उसने 26 वर्षीय मैथ्यू ब्रीत्ज़के को डेब्यू का अवसर दिया. मैथ्यू ने अपने पहले ही मैच में इतिहास रच डाला है क्योंकि वो डेब्यू वनडे मैच में 150 रन बनाने वाले दुनिया के पहले खिलाड़ी बन गए हैं.

मैथ्यू ब्रीत्ज़के ने न्यूजीलैंड के खिलाफ 148 गेंदों में 150 रन की पारी खेली. इस पारी में उन्होंने 11 चौके और 5 छक्के लगाए. उनसे पहले वनडे डेब्यू मैच में सर्वोच्च व्यक्तिगत स्कोर बनाने का रिकॉर्ड वेस्टइंडीज के डेसमोंड लियो हेन्स के नाम था, जिन्होंने साल 1978 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 148 रन बनाए थे.


**20 गेंद में बनाए 49 रन**

मैथ्यू ब्रीत्ज़के ने बहुत धीमे अंदाज में शतकीय पारी खेली थी. वो इतना धीरे खेल रहे थे कि उनका शतक 128 गेंदों में पूरा हुआ, लेकिन जैसे ही सेंचुरी पूरी हुई वैसे ही यह 26 वर्षीय बल्लेबाज तूफानी मोड में आ गया. ब्रीत्ज़के ने अगली 20 गेंदों में तेजतर्रार बैटिंग करते हुए 49 रन ठोक डाले. इस तरह उनकी पारी 148 गेंदों में 150 के स्कोर पर समाप्त हुई. ब्रीत्ज़के ने इस मैच में वियान मुल्डर के साथ मिलकर 131 रनों की साझेदारी की, इसके अलावा उन्होंने जेसन स्मिथ के साथ मिलकर भी 93 रनों की पार्टनरशिप की.

**वनडे डेब्यू में सर्वाधिक व्यक्तिगत स्कोर**

मैथ्यू ब्रीत्ज़के - 150 रन बनाम न्यूजीलैंड
डेसमोंड हेन्स - 148 रन बनाम ऑस्ट्रेलिया
रहमनुल्लाह गुरबाज - 127 रन बनाम आयरलैंड
कॉलिन इंग्रम - 124 रन बनाम जिम्बाब्वे
मार्क चैपमैन - 124 रन बनाम यूएई

## चैम्पियंस ट्रॉफी: के नॉकआउट चरण में बहुत खतरनाक हो सकता है पाकिस्तान: शास्त्री



**दुबई, एजेंसी।** भारत के पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री का मानना है कि मोहम्मद रिजवान की अगुआई वाली पाकिस्तान टीम आगामी आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी में घरेलू परिस्थितियों में खतरनाक होने के लिए पर्याप्त गहराई रखती है। पाकिस्तान को घरेलू परिस्थितियों में खेलने का फायदा है क्योंकि देश 1996 में विश्व कप के बाद पहली बार किसी सीनियर आईसीसी इवेंट की सह-मेजबानी करने के लिए तैयार है।

आईसीसी रिव्यू के नए एपिसोड में मेजबान संजना गणेशन के साथ बात करते हुए शास्त्री ने कहा, जब आप उपमहाद्वीप में अपने घरेलू मैदान पर खेलते हैं तो हमेशा दबाव होता है - चाहे वह भारत हो, श्रीलंका हो, बांग्लादेश हो या पाकिस्तान - उम्मीदें बहुत अधिक होती हैं। लेकिन मुझे लगता है कि पाकिस्तान ऐसी टीम है, जिसने पिछले छह से आठ महीनों में सफेद गेंद वाले क्रिकेट में जो अनुभव हासिल किया है, उसके आधार पर उसने कुछ बेहतरीन प्रदर्शन किए हैं, खासकर दक्षिण अफ्रीका में।

प्रतिभाशाली युवा सलामी बल्लेबाज सैम अयूब की अनुपस्थिति के बावजूद शास्त्री ने सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करने के लिए घरेलू टीम का समर्थन किया और नॉकआउट चरणों में बहुत खतरनाक प्रतिद्वंद्वी बन सकते हैं। शास्त्री ने कहा, उन्हें शीर्ष पर अयूब की कमी खल रही है, और वह एक महत्वपूर्ण खिलाड़ी है। लेकिन पाकिस्तान के पास खतरनाक होने के लिए पर्याप्त गहराई है, खासकर घरेलू परिस्थितियों में। मैं कहूंगा कि उन्हें सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करना चाहिए और वहां से, यह किसी का भी खेल हो सकता है। पाकिस्तान अभी भी बहुत, बहुत खतरनाक है, और यदि वे क्वालीफाई करते हैं, तो वे दोगुने अधिक खतरनाक होंगे।

ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग ने शास्त्री की भावनाओं को दोहराया और कहा कि पाकिस्तान की तेज गेंदबाजी इकाई टूर्नामेंट में खेल-परिवर्तक साबित हो सकती है। पोंटिंग ने आईसीसी रिव्यू को बताया, मैं रवि से सहमत हूं। सैम अयूब एक उच्च गुणवत्ता वाले खिलाड़ी हैं, और उनकी अनुपस्थिति एक बहुत बड़ी कमी है। लेकिन पाकिस्तान की तेज गेंदबाजी ब्रिगेड बहुत अच्छी है। शाहीन अफरीदी और नसीम शाह की अगुआई में उनके पास किसी भी बल्लेबाजी लाइन-अप को परेशान करने की गति और कौशल है।

## लंबे समय से खेल रहा हूं, जानता हूं मुझसे क्या अपेक्षा की जाती है: रोहित शर्मा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे वनडे मैच में शानदार शतक लगाकर खराब फॉर्म के बाद बल्ले से बढ़िया वापसी की। यह मुकाबला कटक के बाराबाती स्टेडियम में खेला गया था। रोहित का मानना है कि खिलाड़ी का माइंडसेट मजबूत होना बहुत जरूरी है। रोहित शर्मा ने अपनी मानसिक मजबूती पर भरोसा जताया और रविवार को 90 गेंदों में 119 रनों की शानदार पारी खेली, जिसमें 12 चौके और 7 छक्के शामिल थे। इस पारी की बदौलत भारत ने लगातार दूसरी जीत दर्ज कर तीन मैचों की सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त बना ली। हाल ही में रोहित न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट सीरीज में उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन नहीं कर सके थे।

इसके बाद नागपुर में खेले गए पहले वनडे में भी वह सिर्फ 2 रन बनाकर आउट हो गए थे। इस कारण उनकी काफी आलोचना हो रही थी। लेकिन रोहित ने इस पारी से अपने आलोचकों को जवाब देते हुए कहा, अगर कोई खिलाड़ी सालों तक खेलता आया है और ढेरों रन बनाए हैं, तो इसका मतलब कुछ तो है। उन्होंने कहा कि बाहर की बातें उन्हें प्रभावित नहीं करतीं और कुछ खराब पारियां उनके आत्मविश्वास को नहीं डिगा सकतीं। रोहित ने कहा, मैं लंबे समय से क्रिकेट खेल रहा हूं और जानता हूं कि मुझसे क्या अपेक्षा की जाती है। मुझे बस मैदान पर जाकर वही करना होता है, जो मैं हमेशा करता आया हूं। मैं अपने खेल को अच्छे से समझता हूं और जानता हूं कि एक-दो खराब पारियां मेरी सोच नहीं बदल सकतीं। यह मेरे लिए एक आम दिन की तरह था। भारतीय कप्तान ने यह भी



बताया कि वह हर मैच में पूरी कोशिश करते हैं। उन्होंने कहा, हमारा काम सिर्फ मैदान पर जाकर अपना सर्वश्रेष्ठ देना है। वही सबसे महत्वपूर्ण है। मैं जब भी बल्लेबाजी करने उतरता हूं, तो मेरी कोशिश हमेशा अच्छा करने की होती है।

उन्होंने यह भी बताया कि खराब फॉर्म के दौरान स्पष्ट सोच रखना बहुत जरूरी होता है। हालांकि, यह आसान नहीं होता। कई बार चीजें आपके पक्ष में होती हैं, कई बार नहीं। लेकिन जब तक आपको पता है कि आपको क्या करना है, बाकी बातें मायने नहीं रखतीं। जब आपने इतने रन बनाए होते हैं, तो आपको बस उसी मानसिकता में लौटने की जरूरत होती है। सुनने में यह आसान लगता है, लेकिन वास्तव में यह मुश्किल होता है। मेरे लिए सबसे जरूरी चीज खेल का आनंद लेना है। आखिरकार, हम क्रिकेट इसी मजे के लिए तो खेलते हैं।

### ना बल्ले से रन, कीपिंग भी फीकी... केएल राहुल ने गंवाया गोल्डन चांस



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत और इंग्लैंड के बीच तीन मैचों की वनडे सीरीज का दूसरा मुकाबला 9 फरवरी (रविवार) को कटक के बाराबती स्टेडियम में खेला गया. इस मुकाबले में भारतीय टीम ने चार विकेट से जीत दर्ज करके सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त ले ली. मुकाबले में भारतीय टीम के लिए कप्तान रोहित शर्मा ने शतकीय पारी खेली. रोहित ने 90 गेंदों पर 119 रन बनाए, जिसमें 12 चौके और 7 छक्के शामिल रहे.

रोहित शर्मा ने तो फॉर्म में वापसी कर ली, लेकिन विकेटकीपर बल्लेबाज केएल राहुल ने इस मैच में भी निराश किया. राहुल सिर्फ 10 रन बनाकर पवेलियन लौट गए. राहुल इससे पहले नागपुर वनडे में भी महज 2 रन बना पाए थे. दोनों मुकाबले में राहुल के पास मैच फिनिश करने का मौका था, लेकिन वो टीम को जीत दिलाने से पहले ही पवेलियन लौट गए.

रणजी ट्रॉफी:

## बल्ले के बाद शम्स मुलानी और तनुष कोटियान से गेंद से भी दिखाया दम




**नई दिल्ली, एजेंसी।** कप्तान अंकित कुमार की शतकीय पारी की मदद से हरियाणा ने गत चैंपियन मुंबई के खिलाफ रणजी ट्रॉफी क्वार्टर फाइनल के दूसरे दिन रविवार को स्टंप तक पांच विकेट पर 263 रन बनाकर अपनी स्थिति मजबूत कर ली है। सलामी बल्लेबाज अंकित ने मुंबई के गेंदबाजों पर हावी होते हुए 136 रन की पारी खेलकर लगातार दूसरा शतक जड़ा। दूसरे दिन के खेल के बाद हरियाणा की टीम मुंबई से पहली पारी के आधार पर 53 रन पीछे है।

**शतक से चूक गए तनुष कोटियान**

इससे पहले तनुष कोटियान (97) तीन रन से शतक से चूक गये लेकिन उनकी शानदार बल्लेबाजी से मुंबई की टीम पहली पारी में 315 रन बनाने में सफल रही।मुंबई की टीम ने दिन की शुरुआत आठ विकेट पर 278 रन से की थी। कोटियान संयमित बल्लेबाजी से प्रथम श्रेणी में तीसरे शतक की ओर बढ़ रहे थे लेकिन सुमित कुमार (81 रन पर तीन विकेट) का तीसरा शिकार बन गये। दसवें क्रम के बल्लेबाज मोहित अवस्थी (21) टीम को 300 रन के पार पहुंचाने में सफल रहे। मुंबई ने दिन की शुरुआत में 45 मिनट बल्लेबाजी की जिससे पिच की नमी कम हो गयी और हरियाणा के बल्लेबाजों के लिए परिस्थितियां थोड़ी आसान हो गयी। अंकित ने लक्ष्य दलाल (34) के साथ पहले विकेट के लिए 87 रन की साझेदारी कर मजबूत नींव रखी। दिन के दूसरे सत्र में शारदुल ठाकुर ने उन्हें दलाल को आउट कर मुंबई को पहली सफलता दिलायी।

------------------

## फिर बरसे ठाकुर के शोले, 6 बल्लेबाजों को अकेले किया ढेर, 82 गेंदों पर एक भी रन नहीं दिया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** शार्दुल ठाकुर ने रणजी ट्रॉफी में मानो शोले ही बरसा रखे हैं. ये खिलाड़ी गेंद और बल्ले दोनों से कहर बरपा रहा है. एक बार फिर शार्दुल ठाकुर ने इस टूर्नामेंट में कमाल किया है. इस बाहर ठाकुर ने हरियाणा के खिलाफ क्वार्टर फाइनल मैच में अपना दम दिखाया. दाएं हाथ के इस ऑलराउंडर ने हरियाणा के खिलाफ अकेले ही 6 बल्लेबाजों को ढेर कर दिया. ठाकुर ने 18.5 ओवर में महज 58 रन देकर 6 विकेट झटके. बड़ी बात ये है कि शार्दुल ठाकुर ने बेहद टाइट गेंदबाजी की.



उन्होंने 18.5 ओवर में से 82 गेंदों पर एक भी रन नहीं दिया. शार्दुल ठाकुर ने हरियाणा के खिलाफ सबसे पहले लक्ष्य दलाल का शिकार किया. इसके बाद वो रोहित प्रमोद शर्मा काविकेट ले गए. देखते ही देखते उन्होंने हरियाणा के लोअर ऑर्डर को पूरी तरह से तबाह कर दिया. इस खिलाड़ी ने अनुत ठकराल, जयंत यादव, अंशुल कंबोज और अजित चहल को भी निपटा दिया. ठाकुर ने रणजी ट्रॉफी में हमेशा मुश्किल मौकों पर अपना दम दिखाया है.

एशियाई खेल:

## एशियाड के स्वर्ण विजेता तोंडईमान का कमाल, राष्ट्रीय खेलों की ट्रैप स्पर्धा में जीता सोना



**रुद्रपुर (उत्तराखंड), एजेंसी।** दिल्ली की कीर्ति गुप्ता (42 अंक) से पहला स्थान हासिल करने से चूक गई जबकि हरियाणा की आशिमा अहलावत (32 अंक) ने कांस्य पदक जीता। एशियाई खेलों की टीम स्पर्धा के स्वर्ण पदक विजेता तमिलनाडु के निशानेबाज पृथ्वीराज तोंडईमान ने रविवार को यहां राष्ट्रीय खेलों की पुरुष ट्रैप स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता जबकि मध्य प्रदेश की नीरू ढांडा महिला स्पर्धा में शीर्ष पर रहीं। तोंडईमान ने ट्रैप फाइनल में 42 का स्कोर बनाकर शीर्ष स्थान हासिल किया जबकि राजस्थान के अली अमन इलाही ने 41 के साथ रजत पदक जीता।

उत्तराखंड के आर्यवंश त्यागी ने 29 के साथ कांस्य पदक प्राप्त किया। तोंडईमान 2023 में हांगझोउ एशियाई खेलों में पुरुष ट्रैप टीम स्पर्धा में स्वर्ण जीतने वाली भारतीय टीम का हिस्सा थे। महिला वर्ग में मध्य प्रदेश की नीरू ढांडा ने 43 अंक के साथ स्वर्ण पदक जीता। दिल्ली की कीर्ति गुप्ता (42 अंक) से पहला स्थान हासिल करने से चूक गई जबकि हरियाणा की आशिमा अहलावत (32 अंक) ने कांस्य पदक जीता।

वैदेही राष्ट्रीय खेलों के टेनिस महिला एकल सेमीफाइनल में पहुंचीं गत चैंपियन गुजरात की वैदेही चौधरी रविवार को राष्ट्रीय खेलों की टेनिस प्रतियोगिता के महिला एकल वर्ग के सेमीफाइनल में पहुंच गईं। वैदेही ने क्वार्टर फाइनल के एकतरफा मुकाबले में हरियाणा की अंजलि राठी को 6-1, 6-1 से हराया। सेमीफाइनल में उनका मुकाबला सोमवार को महाराष्ट्र की आकांक्षा निटुरे से होगा।

आकांक्षा ने एक अन्य क्वार्टर फाइनल मुकाबले में तेलंगाना की लक्ष्मी सिरी डांडू को 6-3, 4-6, 6-2 से हराया। दूसरा सेमीफाइनल मुकाबला कर्नाटक की अमोदिनी नाइक और महाराष्ट्र की वैष्णवी अडकर के बीच होगा। अमोदिनी ने अंतिम आठ में हरियाणा की अदिति रावत को 4-6, 6-4, 6-3 से हराया, जबकि वैष्णवी तमिलनाडु की लक्ष्मी प्रभा अरुणकुमार पर 6-3, 7-5 से विजेता बनीं।

महिला युगल में वैदेही और जील देसाई की गुजरात की जोड़ी ने हरियाणा की अंजलि राठी और अदिति त्यागी को 6-3, 6-0 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। स्वर्ण पदक के मुकाबले में उनका सामना महाराष्ट्र की पूजा इंगले और आकांक्षा निटुरे की जोड़ी से होगा। महाराष्ट्र की जोड़ी ने सेमीफाइनल में उत्तराखंड की दीया चौधरी और जया कपूर को 5-7, 6-4, 10-8 से हराया।

# खेल मंत्रालय ने गठन की खेल सलाहकार समिति, पेस-मैरीकॉम और साइना भी शामिल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** यह समिति खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर भी नजर रखेगी। खेल राज्य मंत्री रक्षा खडसे समिति की वाइस चेयरपरसन होंगी। समिति खिलाड़ियों के दुखों का भी निपटारा करेगी। खेल मंत्रालय ने नई प्रतिभाओं को तलाशने और तराशने के अलावा चयन में पारदर्शिता के लिए 17 सदस्यीय खेल सलाहकार समिति का गठन किया है

। खेल मंत्री मनसुख मांडविया की अगुवाई वाली इस समिति में ओलंपिक पदक विजेता लिएंडर पेस, साइना नेहवाल, मैरी कॉम भी शामिल हैं। यह समिति खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर भी नजर रखेगी। खेल राज्य मंत्री रक्षा खडसे समिति की वाइस चेयरपरसन होंगी।



समिति खिलाड़ियों के दुखों का भी निपटारा करेगी। समिति के अन्य सदस्यों में शाइनी अब्राहम, जफर इकबाल, हीना सिद्धू भी हैं। समिति का सहयोग करने के लिए खेल विशेषज्ञों का पैनल भी गठित किया है। इसमें रानी रामपाल, विजेंदर सिंह, अल्का तोमर, हंसा शर्मा, डीके राठौड़, डोला बनर्जी, शिव सिंह जैसे खिलाड़ी और कोच शामिल हैं।

# ट्रंप की इस्पात व एल्युमीनियम पर 25 प्रतिशत शुल्क लगाने की चेतावनी

» वाशिंगटन, भाषा।

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि वह कनाडा तथा मेक्सिको सहित इस्पात और एल्युमीनियम के सभी आयातों पर 25 प्रतिशत शुल्क लगाने की सोमवार को घोषणा करेंगे। साथ ही इस सप्ताह के अंत में अन्य आयात शुल्क भी लगाए जाएंगे। सुपर बाउल में हिस्सा लेने के लिए फ्लोरिडा से न्यू ऑरलियन्स जाते समय विमान एयर फोर्स वन में रविवार को पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा, अमेरिका में आने वाले किसी भी इस्पात पर 25 प्रतिशत शुल्क लगेगा। एल्युमिनियम के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा , एल्युमीनियम भी व्यापार दंड के अधीन होगा। ट्रंप ने पारस्परिक शुल्क की घोषणा करने की बात भी दोहराई जिसका मतलब है कि अमेरिका उन उत्पादों पर आयात शुल्क लगाएगा जहां किसी अन्य देश ने अमेरिकी वस्तुओं पर शुल्क लगाया है।



उन्होंने पत्रकारों से कहा, यदि वे हमसे 130 प्रतिशत शुल्क ले रहे हैं और हम उनसे कुछ भी शुल्क नहीं ले रहे हैं, तो अब यह स्थिति ऐसी नहीं रहेगी। गौरतलब है कि अमेरिका के राष्ट्रपति ने पहले भी कई बार कहा है कि वह आयात करों को आव्रजन जैसे मुद्दों पर रियायतें दिलाने के साधन के साथ ही इसे सरकार के बजट घाटे को कम करने में मदद करने वाले राजस्व के स्रोत के रूप में भी देखते हैं। इस बीच, दक्षिण कोरिया के कार्यवाहक राष्ट्रपति चोई सांग-मोक ने देश के शीर्ष विदेश नीति एवं व्यापार अधिकारियों की सोमवार को बैठक बुलाई, जिसमें इस बात पर गौर किया गया कि इस्पात और एल्युमीनियम पर ट्रंप के प्रस्तावित शुल्क से उनके उद्योगों पर क्या प्रभाव पड़ेगा। दक्षिण कोरिया ने 2024 में जनवरी से नवंबर के बीच अमेरिका को करीब 4.8 अरब अमेरिकी डॉलर का इस्पात भेजा, जो इस अवधि के दौरान उसके वैश्विक निर्यात का 14 प्रतिशत था।

## ट्रंप ने वित्त मंत्रालय को दिए नए सिक्के नहीं बनाने के निर्देश

वाशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि उन्होंने एक सेंट के सिक्के के उत्पादन की लागत का हवाला देते हुए वित्त मंत्रालय को नए सिक्के बनाना बंद करने का निर्देश दिया है। ट्रंप ने कहा, लंबे समय से अमेरिका सिक्के बना रहा है जिसकी लागत दो सेंट से अधिक है। यह निरर्थक है। ट्रंप ने रविवार रात को ट्रुथ सोशल साइट पर एक पोस्ट में लिखा, मैंने अमेरिकी वित्त मंत्री को नए सिक्के बनाना बंद करने का निर्देश दिया है। ट्रंप का नया प्रशासन लागत में कटौती पर ध्यान केंद्रित कर रहा है। उन्होंने लिखा, आइए अपने राष्ट्र के बजट की बर्बादी को खत्म करें, भले ही यह एक पेनी ही क्यों न हो। न्यू ऑरलियंस में सुपर बाउल (नेशनल फुटबॉल टीम) के पहले सत्र में भाग लेने के बाद ट्रंप ने यह बात कही।

## नेतन्याहू पर बढ़ा संघर्ष विराम आगे बढ़ाने का दबाव, ट्रंप ने दोहराई गाजा पर कब्जा करने की बात



मुगराका (गाजा पट्टी)। हमास द्वारा बंधक बनाए गए लोगों की हालत दयनीय होने संबंधी नए विवरण सामने आने के बाद इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू पर गाजा के साथ किए गए संघर्ष विराम समझौते को आगे बढ़ाने का दबाव बढ़ गया है। वहीं, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अपने उस रुख पर कायम हैं कि अमेरिका फलस्तीनी क्षेत्र पर कब्जा करेगा। संघर्ष विराम की दूसरे चरण की वार्ता तीन फरवरी से शुरू होनी थी लेकिन इजराइल तथा हमास के बीच कोई खास प्रगति नहीं हुई है, जबकि इजराइली सेनाएं समझौते के तहत रविवार को गाजा गलियारे से हट गई हैं। नेतन्याहू ने वार्ता के लिए एक प्रतिनिधिमंडल कतर भेजा लेकिन इस प्रतिनिधिमंडल में उच्च स्तर के अधिकारी शामिल नहीं थे जिससे ऐसे कयास लगाए जा रहे हैं कि इस चरण में कोई सफलता नहीं मिलेगी। नेतन्याहू हाल में ट्रंप से मुलाकात के लिए अमेरिका गए थे। माना जा रहा है कि वह इस मसले पर मंगलवार को अपने मंत्रियों के साथ एक अहम बैठक कर सकते हैं। इस बीच, ट्रंप ने रविवार को गाजा पट्टी पर नियंत्रण करने की अपनी प्रतिज्ञा दोहराई। उन्होंने एयर फोर्स वन विमान में संवाददाताओं से कहा, मैं गाजा को खरीदने और उस पर स्वामित्व के लिए प्रतिबद्ध हूं। जहां तक इसके फिर से निर्माण की बात है तो हम पश्चिम एशिया के अन्य देशों को इसके कुछ क्षेत्र निर्माण के लिए दे सकते हैं। अन्य लोग हमारे तत्वावधान में ऐसा कर सकते हैं, लेकिन हम इसे अपने स्वामित्व में लेने और यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं कि हमास वापस न लौटे। ट्रंप ने कहा कि अरब देश उनसे बातचीत के बाद फलस्तीनियों को अपने यहां लेने पर सहमत हो जाएंगे और उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि अगर फलस्तीनियों के पास विकल्प होगा तो वे आसानी से गाजा छोड़ देंगे।

ढाका की एक अदालत ने सात साल की कैद की सजा सुनाई थी

## हसीना के बेटे के अपहरण और हत्या की असफल साजिश के आरोप से बांग्लादेशी अखबार के संपादक बरी

» ढाका, भाषा।

बांग्लादेश की एक अदालत ने अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना के बेटे सजीब वाजेद जॉय की 2015 में अमेरिका में अपहरण और हत्या की असफल साजिश से संबंधित मामले में सोमवार को एक प्रमुख समाचार पत्र के संपादक को बरी कर दिया। डेली स्टार समाचार पत्र की खबर के अनुसार, ढाका के चौथे अतिरिक्त मेट्रोपोलिटन सत्र न्यायाधीश तारिक अजीज ने यह फैसला सुनाते हुए महमूदुर रहमान की मामले में दोषसिद्धि और सजा के खिलाफ अपील को स्वीकार कर लिया। न्यायाधीश ने कहा कि अपीलकर्ता के खिलाफ लगाए गए आरोप झूठे और मनगढ़ंत पाए गए। न्यायाधीश ने अपने आदेश में कहा कि निचली अदालत द्वारा उसे दी गई सजा को रद्द कर अपीलकर्ता को बरी किया जाता है। फैसले के बाद दैनिक अमर देश के संपादक महमूदुर ने पत्रकारों से कहा कि उन्हें अंततः अदालत से न्याय मिला है और वह फासीवाद के खिलाफ अपनी लड़ाई जारी रखेंगे, जो देश का संघर्ष भी है। पिछले साल 17 अगस्त को ढाका की एक अदालत ने उनकी अनुपस्थिति में उन्हें सात साल की कैद की सजा सुनाई थी।

वरिष्ठ पत्रकार शफीक रहमान, जातीयतावादी सामाजिक सांस्कृतिक संगठन के उपाध्यक्ष मोहम्मद उल्लाह मामुन, उनके बेटे रिजवी अहमद सीजर और अमेरिका स्थित व्यवसाई मिजानुर रहमान भुइयां को भी इसी मामले में उनकी गैरमौजूदगी में सात साल जेल की सजा सुनाई गई थी। महमूदुर पिछले साल 27 सितंबर को साढ़े पांच साल का निर्वासन बिताने के बाद बांग्लादेश लौटे थे। दो दिन बाद उन्होंने ढाका में मुख्य मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट की अदालत के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया और उन्हें जेल भेज दिया गया। मामला तीन अगस्त 2015 को दर्ज किया गया और उसके बाद महमूदुर और शफीक रहमान को गिरफ्तार कर लिया गया। अखबार ने कहा कि शिकायत के अनुसार, मामून और पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया की बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने ब्रिटेन, अमेरिका और बांग्लादेश के विभिन्न स्थानों पर जॉय के अपहरण और हत्या की साजिश रचने के लिए कथित तौर पर बैठक की थी। जॉय उस समय शेख हसीना के सलाहकार थे।



## आईएमएफ मिशन नियामक, न्यायिक प्रणाली का करेगा निरीक्षण : पाकिस्तान सरकार

» इस्लामाबाद, भाषा।

अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) मौजूदा सात अरब अमेरिकी डॉलर की विस्तारित निधि सुविधा (ईएफएफ) के तहत प्रशासनिक तथा भ्रष्टाचार से जुड़ी कमजोरियों को दूर करने के लिए पाकिस्तान की न्यायिक तथा नियामक प्रणाली का निरीक्षण करेगा। वित्त मंत्रालय ने रविवार को कहा, आईएमएफ का एक तकनीकी मिशन छह प्रमुख प्रशासनिक क्षेत्रों और संस्थानों का निरीक्षण करने के लिए शहर में है। यह निरीक्षण एक सप्ताह तक चलेगा। समाचार पत्र डॉन न्यूज की खबर के अनुसार, पाकिस्तान ने भ्रष्टाचार से लड़ने, समावेशी विकास का समर्थन करने तथा व्यवसायों व निवेशों के लिए समान अवसर उपलब्ध कराने के लिए आईएमएफ के साथ संस्थागत क्षमताओं को मजबूत करने की गत अक्टूबर में प्रतिबद्धता व्यक्त की थी।

मंत्रालय ने कहा, इसके परिणामस्वरूप जुलाई 2025 तक शासन व भ्रष्टाचार निदान मूल्यांकन (जीसीडीए) पर एक रिपोर्ट प्रकाशित करने के लिए संरचनात्मक मापदंड निर्धारित किए गए हैं। यह महत्वपूर्ण प्रशासनिक और भ्रष्टाचार से जुड़ी कमजोरियों का विश्लेषण करेगा और आगे बढ़ने के लिए प्राथमिकता वाले संरचनात्मक सुधारों की पहचान करेगा। सूत्रों ने बताया कि मिशन वित्तीय, राजस्व और चुनाव निकायों के नेतृत्व के अलावा उच्च न्यायपालिका के प्रमुख सदस्यों के साथ भी बातचीत करेगा और उनकी प्रक्रिया की समीक्षा करेगा। आईएमएफ ने 1997 में आर्थिक कामकाज के लिए एक नीति अपनाई थी जो प्रशासनिक मुद्दों में आईएमएफ की भूमिका पर मार्गदर्शन नोट में सन्निहित है। इस नीति के कार्यान्वयन को और मजबूत करने के लिए आईएमएफ ने 2018 में शासन पर उन्नत सहभागिता के लिए एक नया ढांचा (शासन नीति) अपनाया, ताकि शासन की कमजोरियों के संबंध में सदस्य देशों के साथ अधिक व्यवस्थित, प्रभावी, स्पष्ट व निष्पक्ष सहभागिता को बढ़ावा दिया जा सके। विश्लेषण के बाद, जीसीडीए कमजोरियों से व्यवस्थित रूप से निपटने के लिए सिफारिशों को प्राथमिकता देता है और उन्हें अनुक्रमित करता है।




## अब्बास ने इजराइल के खिलाफ हिंसा में शामिल कैदियों के परिवारों को भुगतान बंद करने का आदेश दिया



यरूशलम। फलस्तीनी राष्ट्रपति महमूद अब्बास ने उस विवादास्पद प्रणाली को समाप्त कर दिया है जिसके तहत उन फलस्तीनी कैदियों के परिवारों को गुजारा भत्ता दिया जाता था, जिनमें इजराइल पर घातक हमलों में दोषी ठहराए गए लोग शामिल हैं। इस कदम का उद्देश्य राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के नए प्रशासन के साथ संबंधों को बेहतर बनाना है। अमेरिका और इजराइल ने कहा है कि तथाकथित शहीद कोष इजराइल के खिलाफ हिंसा को पुरस्कृत करता है। इस बीच, ट्रंप ने कहा है कि युद्धग्रस्त क्षेत्र पर अमेरिकी स्वामित्व की उनकी योजना के तहत गाजा में रहने वाले फलस्तीनियों को लौटने का अधिकार नहीं होगा। ट्रंप ने अपने प्रशासन के अन्य अधिकारियों के इस तर्क का खंडन किया है कि ट्रंप केवल वहां की आबादी के अस्थाई स्थानांतरण का आह्वान कर रहे थे।

## व्हिसलब्लोअर्स को संरक्षण देने वाली एजेंसी के प्रमुख ने बर्खास्तगी को लेकर ट्रंप पर किया मुकदमा




वाशिंगटन। अमेरिका में व्हिसलब्लोअर को सुरक्षा प्रदान करने वाली संघीय एजेंसी- ऑफिस ऑफ स्पेशल कार्उंसिल के प्रमुख ने सोमवार को राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के खिलाफ मुकदमा दायर कर कहा कि उन्हें अवैध रूप से बर्खास्त किया गया। हैम्पटन डेलिंगर को शुक्रवार शाम व्हाइट हाउस (अमेरिका के राष्ट्रपति का आधिकारिक आवास एवं कार्यालय) के कार्मिक निदेशक द्वारा भेजे गए एक ईमेल के माध्यम से उनकी बर्खास्तगी की सूचना दी गई। कार्मिक निदेशक ने पत्र में जिक्र किया कि उन्होंने राष्ट्रपति की ओर से यह पत्र लिखा है। वाशिंगटन संघीय अदालत में दायर अपने मुकदमे में डेलिंगर ने कहा कि विशेष वकीलों को राष्ट्रपति द्वारा केवल अक्षमता, कर्तव्य की उपेक्षा या कार्यालय में कदाचार के कारण ही हटाया जा सकता है। मुकदमे में कहा गया है, राष्ट्रपति ट्रंप द्वारा विशेष वकील डेलिंगर को कथित रूप से हटाना गैरकानूनी है।

न्यूज ब्रीफ

### ब्रिटेन के सांसद ने लंदन के स्टेशन पर बंगाली भाषा में साइनबोर्ड पर आपत्ति जताई, मस्क ने किया समर्थन




» लंदन, भाषा।

ब्रिटेन के एक सांसद ने लंदन के व्हाइटचैपल स्टेशन पर बंगाली भाषा में लिखे साइनबोर्ड पर आपत्ति जताई और कहा कि यह केवल अंग्रेजी में ही लिखा होना चाहिए। एलन मस्क ने सांसद की बात का समर्थन किया है। ग्रेट यारमाउथ से सांसद रूपर्ट लोव ने अपने आधिकारिक एक्स अकाउंट पर एक तस्वीर पोस्ट की जिसमें व्हाइटचैपल स्टेशन पर अंग्रेजी और बंगाली भाषा में लिखा साइनबोर्ड दिखाई दे रहा है।

लोव ने रविवार को अपने पोस्ट में कहा, यह लंदन है - स्टेशन का नाम अंग्रेजी में होना चाहिए केवल अंग्रेजी में। सोशल मीडिया उपयोगकर्ताओं ने लोव के पोस्ट पर मिली-जुली प्रतिक्रियाएं दी हैं। कुछ ने उनके विचारों का समर्थन किया, जबकि अन्य ने कहा कि दो भाषाओं में साइनबोर्ड होना ठीक है। मस्क ने भी इस पोस्ट पर टिप्पणी की। उन्होंने कहा, हां। पूर्वी लंदन में बांग्लादेशी समुदाय के योगदान को सम्मान देने के लिए 2022 में व्हाइटचैपल स्टेशन पर बंगाली भाषा में साइनबोर्ड लगाया गया था। इस क्षेत्र में बड़ी संख्या में बांग्लादेश के लोग रहते हैं।

### सिंगापुर के प्रधानमंत्री वोंग हिंदू मंदिर में धार्मिक आयोजन में शामिल हुए

» सिंगापुर, भाषा।

सिंगापुर के प्रधानमंत्री लॉरेंस वोंग रविवार को मार्सिलिंग राइज हाउसिंग एस्टेट स्थित श्री शिव-कृष्ण मंदिर पहुंचे और वहां धार्मिक आयोजन में शामिल हुए। मंदिर में यह तीसरी बार धार्मिक आयोजन किया गया था। इससे पहले 1996 और 2008 में इसी तरह के समारोह आयोजित किए गए थे। इस धार्मिक आयोजन के जरिए यह सुनिश्चित किया जाता है कि मंदिर अध्यात्मिक गतिविधियों का केंद्र बिंदु बना रहे। इस धार्मिक आयोजन में 10,000 श्रद्धालु शामिल हुए। यह सिंगापुर का एकमात्र मंदिर है जहां श्री शिव-कृष्ण की प्रतिमाएं विराजमान हैं।

समारोह सुबह सात बजे अनुष्ठानों के साथ शुरू हुआ और इसके लिए मुख्य भवन से लगभग 100 मीटर दूर टेंट लगाए गए थे। द स्ट्रेट्स टाइम्स की खबर में बताया गया कि इसके बाद सुबह आठ बजे कलश यात्रा निकाली गई और कलश में भरे जल को मंदिर लाया गया। मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल हुए प्रधानमंत्री वोंग के साथ रक्षा मंत्री जकी मोहम्मद भी मौजूद थे। मंदिर के पदाधिकारियों ने उन्हें शॉल और माला भेंट की।

## एआई शिखर सम्मेलन में भाग लेने प्रधानमंत्री मोदी फ्रांस पहुंचे, मैक्रों के साथ करेंगे वार्ता



» पेरिस, भाषा।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तीन दिवसीय यात्रा पर सोमवार को फ्रांस पहुंचे, जहां वह फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के साथ एआई एक्शन समिट की सह-अध्यक्षता करेंगे और उनके साथ द्विपक्षीय वार्ता करेंगे। मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में, अपने आगमन की तस्वीरें संलग्न करते हुए कहा, थोड़ी देर पहले पेरिस पहुंचा हूं। यहां विभिन्न कार्यक्रमों की प्रतीक्षा कर रहा हूं, जो एआई, प्रौद्योगिकी और नवाचार जैसे भविष्य के क्षेत्रों पर केंद्रित होंगे।

प्रधानमंत्री के होटल पहुंचने पर भारतीय समुदाय ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पेरिस पहुंच गए हैं, जहां उनका विशेष स्वागत किया गया। फ्रांस के सशस्त्र बल मंत्री सेबलेकोर्नू ने हवाई अड्डे पर उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। स्थानीय समयानुसार शाम को मोदी, राष्ट्रपति मैक्रों द्वारा शासनाध्यक्षों और राष्ट्राध्यक्षों के सम्मान में एलिसी पैलेस में आयोजित रात्रिभोज में शामिल होंगे। रात्रिभोज में प्रौद्योगिकी क्षेत्र के सीईओ और शिखर सम्मेलन में आमंत्रित कई अन्य विशिष्ट व्यक्तियों के भी शामिल होने की संभावना है। मंगलवार को प्रधानमंत्री मोदी, राष्ट्रपति मैक्रों के साथ एआई एक्शन समिट की सह-अध्यक्षता करेंगे। मोदी ने फ्रांस के लिए रवाना होने से पहले अपने वक्तव्य में कहा, मैं एआई एक्शन समिट की सह-अध्यक्षता करने के लिए उत्सुक हूं, जो विश्व के नेताओं और वैश्विक प्रौद्योगिकी सीईओ का सम्मेलन है, जहां हम समावेशी, सुरक्षित और भरोसेमंद तरीके से नवाचार और व्यापक सार्वजनिक कल्याण के लिए एआई प्रौद्योगिकी के प्रति सहयोगात्मक दृष्टिकोण पर विचार साझा करेंगे। मोदी और मैक्रों प्रतिनिधिमंडल स्तर पर भी बातचीत करेंगे तथा भारत-फ्रांस सीईओ मंच को संबोधित करेंगे।

## कोसोवो की सत्तारूढ़ पार्टी ने संसदीय चुनाव जीता पर बहुमत के आंकड़े से दूर



» प्रिस्टिना, भाषा।

कोसोवो के संसदीय चुनाव में प्रधानमंत्री एल्बिन कुर्ती की पार्टी ने जीत दर्ज की लेकिन उसे बहुमत नहीं मिला है। प्रारंभिक परिणामों में यह जानकारी दी गई।


मतगणना की प्रक्रिया 73 फीसदी पूरी हो चुकी है और कुर्ती की सेल्फ-डिटरमिनेशन मूवमेंट पार्टी को 41.99 फीसदी मत मिले हैं जो अकेले सरकार बनाने के लिए जरूरी आंकड़े से कम है। ऐसे में संभावना जताई जा रहा है कि अगर उनकी पार्टी अकेले सरकार बनाने में नाकाम रहती है तो तीन दल उसके साथ गठबंधन कर सकते हैं।

शून्य से नीचे के तापमान के बावजूद हाथों में झंडे, गुब्बारे और बैनर लेकर लोगों ने आजादी चौक की ओर मार्च किया

## ईरान के लोगों ने 1979 की इस्लामी क्रांति की वर्षगांठ मनाई

» तेहरान, भाषा।

ईरान के हजारों लोगों ने देश की 1979 की इस्लामी क्रांति की वर्षगांठ मनाई। डोनाल्ड ट्रंप के अमेरिकी राष्ट्रपति के तौर पर दूसरा कार्यकाल शुरू होने और तेहरान को निशाना बनाकर उनके अधिकतम दबाव अभियान को फिर से शुरू करने के बाद इस तरह की यह पहली रैली है। अमेरिका समर्थित शाह मोहम्मद रजा पहलवी के शासन की समाप्ति और ईरान में शिया शासन व्यवस्था की स्थापना का वर्षगांठ इस वर्ष ऐसे समय में मनाया जा रहा है, जब पूरे देश में गहरी अनिश्चितता का माहौल है। कठोर प्रतिबंधों के कारण ईरान की अर्थव्यवस्था को मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है ।




आगामी दिनों में ट्रंप प्रशासन की ओर से और अधिक प्रतिबंध लगाए जाने की आशंका है। हालांकि, अमेरिकी राष्ट्रपति यह भी संकेत दे रहे हैं कि वह तेहरान के तेजी से बढ़ते परमाणु कार्यक्रम को लेकर उसके साथ समझौता करना चाहते हैं। ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई ने अमेरिका के साथ प्रस्तावित वार्ता की आलोचना करते हुए शुक्रवार को कहा कि यह कोई समझदारी वाला कदम नहीं है। खामेनेई ने यह भी कहा कि ऐसी सरकार के साथ कोई बातचीत नहीं होनी चाहिए। हालांकि, उन्होंने अमेरिका के साथ बातचीत न करने का आदेश जारी करने से परहेज किया। तेहरान में, शून्य से नीचे के तापमान के बावजूद हाथों में झंडे, गुब्बारे और बैनर लेकर लोगों ने आजादी चौक की ओर मार्च किया। प्रदर्शनकारियों ने अमेरिका का नाश हो और इजराइल का नाश हो जैसे नारे लगाते हुए अमेरिका विरोधी और इजराइल विरोधी बैनरों के साथ-साथ खामेनेई की तस्वीरें भी ले रखी थीं, जिनका राष्ट्र संबंधी मामलों पर अंतिम निर्णय होता है। एक प्रदर्शनकारी ने एक पोस्टर थाम रखा था, जिस पर लिखा था, हम इजराइल को मिटा देंगे। ईरान की सेना ने आजादी चौक पर अपनी कुछ मिसाइलों की प्रतिकृतियां प्रदर्शित कीं। लोगों ने ट्रंप और इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के मुखौटे पहने लोगों को सलाखों के पीछे ले जा रहे एक वाहन के सामने सेल्फी भी ली। रैली में शामिल 48 वर्षीय शिक्षक मोहसेन अमिनी ने कहा, मुझे पता है कि देश में बहुत सारी आर्थिक समस्याएं हैं, लेकिन मैं यह कहने आया हूं कि हम अमेरिका और इजराइल की धमकियों की परवाह किए बिना अपने देश का समर्थन करेंगे। ईरानी सरकारी टेलीविजन पर प्रसारित संदेश में अधिक से अधिक लोगों से इसमें शामिल होने का आग्रह किया। इस दिन आधिकारिक तौर पर छुट्टी रहती है और पूरे देश में उत्सव जैसा माहौल रहता है। इस्लामी क्रांति की शुरुआत ईरान में शाह के शासन को लेकर व्यापक अशांति के साथ हुई, जो कैंसर से गंभीर रूप से बीमार थे और जनवरी 1979 में ईरान से भाग गए थे। इसके बाद अयातुल्ला रूहोल्लाह खुमैनी निर्वासन से वापस लौटे। कई दिनों तक प्रदर्शन आयोजित किए गए। प्रदर्शनकारियों और सुरक्षा बलों के बीच टकराव के बाद 11 फरवरी 1979 को सरकार गिर गई।

## आस्ट्रेलिया में तीसरी बार खिला सड़े हुए शव की दुर्गंध वाला फूल

» मेलबर्न, भाषा।

ऑस्ट्रेलिया की राजधानी कैनबरा में सड़े हुए शव की दुर्गंध वाला दुर्लभ फूल खिला है। तीन महीनों में इस तरह के फूल के खिलने का यह तीसरा मौका है। ऑस्ट्रेलियन नेशनल बॉटैनिक गार्डन में यह फूल शनिवार को पहली बार खिला और सोमवार तक मुरझाने की प्रक्रिया में था। इससे पहले, जनवरी के अंत में सिडनी के रॉयल बॉटैनिक गार्डन और नवंबर में मेलबर्न के पास गीलॉन्ग बॉटैनिक गार्डन में भी ऐसा ही फूल खिला था। कॉर्पस फ्लावर का वैज्ञानिक नाम अमोर्फोफैलस टाइटेनियम है। यह फूल इंडोनेशिया के पश्चिमी सुमात्रा के वर्षावनों में पाया जाता है। यह प्राकृतिक रूप से सात से दस साल में एक बार खिलता है और कुछ ही दिनों तक खिला रहता है। इसकी तेज दुर्गंध सड़े हुए मांस जैसी होती है जो मक्खियों और अन्य परागण करने वाले कीटों को आकर्षित करती है।



कैनबरा की कार्यकारी नर्सरी प्रबंधक कैरोल डेल ने कहा कि इस फूल के खिलने के पीछे कोई स्पष्ट कारण नहीं है। उन्होंने बताया कि यह फूल तब खिलता है जब पौधा अपने भूमिगत कंद (कॉर्म) में पर्याप्त ऊर्जा जमा कर लेता है। उन्होंने कहा कि एक सिद्धांत यह है कि ऑस्ट्रेलिया में उगाए गए इन सभी पौधों की उम्र लगभग समान है और वे अब पर्याप्त ऊर्जा संचित करने के बाद फूल देने के लिए तैयार हो गए हैं। डेल ने यह भी बताया कि कैनबरा, सिडनी और गीलॉन्ग की जलवायु एक-दूसरे से अलग है और हर जगह इन पौधों को अलग-अलग खाद और देखभाल प्रदान की जाती है। डेल ने कहा, हमें नहीं लगा था कि हमारे यहां सही परिस्थितियां हैं। इसलिए, जब यह फूल खिला, तो यह हमारे लिए एक सुखद आश्चर्य था। फूल शनिवार दोपहर को खुलना शुरू हुआ और कुछ ही घंटों में पूरे इलाके में तेज दुर्गंध फैल गई। डेल ने कहा, शनिवार शाम तक, इसकी गंध इतनी तीव्र हो गई थी कि इसे सड़क के दूसरी ओर से भी महसूस किया जा सकता था। यह दुर्गंध वास्तव में उल्टी कराने वाली थी। कैनबरा में खिले 135 सेंटीमीटर लंबे इस फूल को देखने के लिए भारी भीड़ उमड़ी।

मुद्रक, प्रकाशक व स्वत्त्वाधिकारी मुन्ना खान के लिए श्री राम ऑफसेट, 6, शॉपिंग सेंटर, जोरावर सिंह गेट के बाहर, आमेर रोड, जयपुर से मुद्रित तथा रॉयल पत्रिका कार्यालय 4312 मोहल्ला नायकों का, जगन्नाथ शाह का रास्ता, नाहरबाड़ा, रामगंज, जयपुर से प्रकाशित। संपादक मुन्ना खान मों. 08058969180 कार्यालय फोन- 0141-2609886,